'राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समाचार गेट

TITLE CODE : HARHIN11569

वर्ष 01, | अंक 175 | पृष्ठ 08 | मूल्य 01 रुपए | मंगलवार, 10 सितंबर 2024 | samachargate@gmail.com

प्रसाद निलेगावकर ने प्रस्तुत किया वन मैन कॉमेडी शो

Page 4



## मंगलवार को भाजपा का मेगा नॉमिनेशन, मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी सहित 21 भाजपा नेता करेंगे नामांकन

**केंद्रीय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल, मनोहर लाल, डा. सतीश पूनिया, बिप्लब कुमार देब, मोहन लाल कौशिक सहित अनेक नेता रहेंगे मौजूद**



समाचार गेट ब्यूरो

**चंडीगढ़।** हरियाणा विधानसभा के चुनावी माहौल में मंगलवार को प्रदेश की लाड़वा विधानसभा से मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी अपना नामांकन दाखिल करेंगे, जिसे लेकर भाजपा संगठन ने तैयारी तेज कर दी है। नामांकन से पहले मुख्यमंत्री जनता के बीच जाकर उनका आशीर्वाद लेंगे और उन्हें संबोधित करेंगे। कार्यक्रमों में भारी संख्या में आम जनता जुटेगी। गौरतलब है कि मंगलवार को मुख्यमंत्री सहित प्रदेश के 21 अन्य भाजपा उम्मीदवार भी आगामी विधानसभा चुनावों के लिए अलग-अलग सीटों पर नामांकन दाखिल करेंगे।

**लाड़वा से ताल ठोकेंगे सीएम**

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी विधानसभा चुनावों के लिए लाडवा सीट से नामांकन भरने जा रहे हैं। लाड़वा की जनता के लिए नायब सिंह सैनी पहले से ही पसंदीदा चेहरा रहे हैं। मुख्यमंत्री का पदभार संभालने से पूर्व नायब सिंह सैनी कुरुक्षेत्र से सांसद थे और लाडवा विधानसभा उनके इसी संसदीय क्षेत्र का एक हिस्सा है। लाडवा में सैनी की मजबूत पकड़ मानी जाती है। मंगलवार सुबह 10 बजे पर्चा भरने से पूर्व मुख्यमंत्री पार्टी कार्यकर्ताओं और युवाओं के बीच जा कर उनसे सीधा संवाद करते हुए उनके भीतर उत्साह का संचार भी करेंगे। महिलाओं और युवाओं में अद्वितीय लोकप्रियता रखने वाले सीएम के नामांकन कार्यक्रम में भारी संख्या में लोगों के पहुँचने की संभावना जताई जा रही है। कार्यक्रम में कद्दावर भाजपा नेता व सांसद नवीन जिंदल भी मुख्यमंत्री के साथ उपस्थित रहेंगे।

**कैप्टन अभिमन्यु के नामांकन में शामिल होंगे सीएम**

अपना नामांकन दाखिल करने के बाद मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी नारनौंद के लिए रवाना होंगे, जहां वे कैप्टन अभिमन्यु के नामांकन कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे और कार्यकर्ताओं का उत्साह बढ़ाएंगे।

**19 अन्य भाजपा प्रत्याशी आज भरेंगे नामांकन**

भाजपा के 19 और प्रत्याशी भी आज अपना नामांकन दाखिल करेंगे, जहां अलग-अलग कार्यक्रमों में भाजपा के कई शीर्ष नेता उपस्थित रहेंगे। इनमें सढौरा से बलवंत सिंह, यमुनानगर से घनश्याम दास अरोड़ा, थानेसर से सुभाष सुधा, गुहला से कुलवंत बाजीगर, इंद्री से रामकुमार कश्यप, पानीपत शहर से प्रमोद कुमार विज, खरखौदा से पवन खरखौदा, सोनीपत से निखिल मदान, रानिया से शीशपाल कंबोज उकलाना से अनूप धानक, हांसी से विनोद भयाना, हिसार से कमल गुप्ता, नलवा से रणधीर पनिहार, बाढड़ा से उमेद पटवास, दादरी से सुनील सांगवान, भिवानी से घनश्याम सराफ, बादशाहपुर से राव नरबीर सिंह, गुडगांव से मुकेश शर्मा, और पृथला से टेकचंद शर्मा शामिल हैं। इनमें अलग अलग कार्यक्रमों में केन्द्रीय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल, मनोहर लाल, भाजपा प्रभारी डा. सतीश पूनिया, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहनलाल बड़ौली, प्रदेश चुनाव सह-प्रभारी बिप्लब कुमार देब, नवीन जिंदल, चौधरी धर्मबीर सिंह, कुलदीप बिश्नोई, रवनीत सिंह बिट्टू सहित अन्य शीर्ष भाजपा नेता उपस्थित रहेंगे।

## गुरुग्राम विधानसभा में चुनावी सरगर्मियां तेज







समाचार गेट ब्यूरो

**गुरुग्राम।** कल रात्रि कांग्रेस ने गुरुग्राम विधानसभा से अपना प्रत्याशी मोहित ग्रोवर को बनाया है। भाजपा पहले ही मुकेश शर्मा पहलवान को अपना उम्मीदवार घोषित कर चुकी है और भाजपा से ही नवीन गोयल चुनाव लड़ने का ऐलान कर चुके हैं। ऐसी स्थिति में चुनावी माहौल गरमा गया है।

कांग्रेस की ओर से मोहित ग्रोवर के प्रत्याशी घोषित होने से और भाजपा के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष जीएल शर्मा के जाने से कांग्रेस जो मृत प्राय: पड़ी थी, उसमें जान आ गई है। पंजाबियों में चर्चा है कि आखिर भूपेंद्र हुड्डा को अपनी गलती याद आई और ऐसा अनुमान है कि पंजाबी एकजुट होकर मोहित ग्रोवर के साथ चले जाएंगे। 2019 के चुनाव में भी मोहित ग्रोवर दूसरे स्थान पर रहे थे। अब भाजपा की बात करें तो भाजपा का उम्मीदवार मुकेश शर्मा के घोषित होते ही भाजपा में तूफान मच गया। एक प्रकार से गुरुग्राम भाजपा मृत प्राय: नजर आने लगी। प्रदेश उपाध्यक्ष कांग्रेस में चले गए और भाजपा से अनेक वरिष्ठ पदों पर विराजित होने वाले नवीन गोयल ने निर्दलीय चुनाव लड़ने का फैसला भी सुना दिया।

तीसरी ओर गुरुग्राम के पंजाबी वर्ग ने मीटिंगें करके चर्चा कि यह पंजाबी वर्ग के साथ विश्वासघात है तो इन बातों से लगता है कि पंजाबी समुदाय भी भाजपा कैंडिडेट को वोट नहीं करने वाला। निर्दलीय चुनाव लड़ने की घोषणा करने वाले नवीन गोयल ने टिकट घोषित होने के बाद मीटिंग बुलाकर और बरसात में रोड शो कर दर्शा दिया कि गुरुग्राम की जनता पिछले समय में उनके किए हुए कार्यों से संतुष्ट है। अब कल भाजपा उम्मीदवार मुकेश शर्मा नामांकन कर रहे हैं। नवीन गोयल 11 तारीख को नामांकन करेंगे, मोहित ग्रोवर की अभी सूचना नहीं है। वैसे तो अभी कुछ कहना बहुत जल्दी होगी लेकिन आम चर्चाओं से निष्क्रिय यह निकलकर आ रहा है कि भाजपा अपने अस्तित्व की लड़ाई लड़ रही है। सम्मान अर्थात जमानत बचा ले ऐसी लोगों में चर्चा है। अभी शीघ्रता है, विस्तृत वर्णन शीघ्र।

## विस चुनाव नहीं लड़ेंगे उमेश अग्रवाल

समाचार गेट ब्यूरो



**गुरुग्राम।** पूर्व विधायक एवं आम आदमी पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष उमेश अग्रवाल ने बदले राजनीतिक हालात के मध्यनजर विधानसभा चुनाव नहीं लड़ने का फैसला किया है। उन्होंने कहा कि पार्टी उन्हें चुनाव प्रचार के लिए जो जिम्मेदारी सौंपेगी उसे वे पूरा करेंगे।

## वाहन चोर गिरफ्तार



समाचार गेट ब्यूरो

**फरीदाबाद।** अपराध शाखा एवीटीएस की टीम ने वाहन चोरी करने के मामले से आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी आरिफ गांव कोट पलवल का रहने वाला है। आरोपी को अपराध शाखा टीम ने जेल से पुलिस प्रोडक्शन पर लेकर आरोपी से पूछताछ के दौरान चोरी के 2 मामले सुलझाए है। आरोपी के साथी धीरेन्द्र को पहले गिरफ्तार कर खेडी पुलिस एरिया से चोरी की गई मोटरसाइकिल को बरामद किया जा चुका है। दोनों आरोपियों ने मोटरसाइकिल को टाउन पार्क सेक्टर.12 एरिया से चोरी किया था। टाउन पार्क सेक्टर.12 एरिया से चोरी मोटरसाइकिल को आरोपी के घर से बरामद की गई है। आरोपी पर पूर्व में भी वाहन चोरी के मामले पलवल, नहूं और फरीदाबाद में दर्ज है। आरोपी को पूछताछ के बाद अदालत में पेश कर जेल भेजा गया।

## भाजपा ने एक बार भी नहीं बढ़ाया कांग्रेस जितना एमएसपी : कुमारी सैलजा

**न वाजपेयी सरकार ने किसानों की सुध ली और न ही मोदी सरकार ने**

**मनमोहन सरकार ने हर बार एमएसपी बढ़ाकर किसान हितैषी होने का सबूत पेश किया**

समाचार गेट ब्यूरो

**चंडीगढ़।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सिरसा से लोकसभा सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि केंद्र में बनी भारतीय जनता पार्टी की सरकारें कांग्रेस के मुकाबले एक बार भी फसलों के एमएसपी में बढ़ोतरी नहीं कर सकी। किसानों की सुध न वाजपेयी सरकार ने ली और न ही 10 साल से सत्ता पर काबिज मोदी सरकार ने। भाजपा की हरियाणा सरकार ने तो एक बार भी एमएसपी बढ़ाने की पैरवी तक नहीं की। डॉ मनमोहन सिंह की अगुवाई वाली केंद्र सरकार ने हर साल फसलों का एमएसपी बढ़ाकर किसान हितैषी होने का सबूत पेश किया।

मीडिया को जारी बयान में कुमारी सैलजा ने कहा कि साल 1999 से 2004 तक देश में भाजपा की अगुवाई वाली सरकार थी। उक्त सरकार ने अपने कार्यकाल में धान के दामों में 14 प्रतिशत बढ़ोतरी की, जो सालाना 2.3 प्रतिशत ही रही। लेकिन, कांग्रेस की मनमोहन सिंह सरकार के दौरान धान के एमएसपी में कुल 143 प्रतिशत बढ़ोतरी हुई, जो सालाना 14.3 प्रतिशत दर्ज की गई। साल 2014 के बाद से अब तक भाजपा की मोदी सरकार ने धान के दाम में सिर्फ 54.1 प्रतिशत बढ़ोतरी की है, यानी सालाना बढ़ोतरी 6 प्रतिशत ही रही है। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि साल 1999 से 2004 के दौरान भाजपा गठबंधन की सरकार ने गेहूं के एमएसपी में कुल 10.3 प्रतिशत की बढ़ोतरी की, जो 1.7 प्रतिशत सालाना दर्ज की गई। इसके बाद कांग्रेस की मनमोहन सिंह सरकार ने इसमें 12 गुणा ज्यादा यानी 126 प्रतिशत की बढ़ोतरी की, जो सालाना 12.7 प्रतिशत आंकी गई। जबकि, मोदी सरकार ने 10 साल में कांग्रेस के 126 प्रतिशत के मुकाबले सिर्फ 39.3 प्रतिशत ही बढ़ोतरी की। कुमारी सैलजा ने कहा कि कांग्रेस की मनमोहन सिंह सरकार ने सिर्फ धान व गेहूं ही नहीं, प्रत्येक फसल



के दामों में ढाई से तीन गुणा (150-200 प्रतिशत) की बढ़ोतरी की। लेकिन, मोदी सरकार में मुश्किल से 50 प्रतिशत का ही इजाफा हुआ है। जबकि, इस दौरान खेती की लागत में कई गुणा बढ़ोतरी हो चुकी है। खेती और खेती से जुड़े सामान, उपकरणों पर टैक्स थोप दिए हैं।

पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि कांग्रेस ने खेती पर कभी कोई टैक्स नहीं लगाया। इसके विपरित मोदी सरकार ने खाद के कट्टे का वजन 50 किलोग्राम से घटाकर 40 किलोग्राम कर दिया। इसमें नाइट्रोजन की मात्रा को घटा दिया। इससे किसानों को और अधिक खाद का प्रयोग करना पड़ेगा, जिससे उनका खर्चा बढ़ेगा। किसान को दी जाने वाली बिजली महंगी कर दी, क्रूड सस्ता होने के बावजूद डीजल के दाम न घटाने से फसल की लागत बढ़ी है। इससे पता चलता है कि भाजपा सरकार ने सदैव किसानों की जेब काटने का षड्यंत्र ही रचा है। कुमारी सैलजा ने कहा कि ये डबल इंजन सरकार का नारा देकर लोगों को ठगने का काम करते हैं। प्रदेश के लोगों को अब इनके बहकावे में आने की जरूरत नहीं है। क्योंकि, 10 साल के अंदर भाजपा की प्रदेश सरकार ने तो कभी केंद्र के सामने हरियाणा के लोगों की वकालत करने की न तो हिम्मत दिखाई और न ही हौसला कर सकी। इसलिए 5 अक्टूबर का दिन भाजपा की हरियाणा से विदाई की पटकथा लिखने वाला साबित होगा।

**कानून से खुले बाजार की मनमानी पर अंकुश**

उन्होंने कहा कि अगर एमएसपी को लेकर कानून बन जाता है, तो सरकारी मंडियों या सरकारी एजेंसियों से बाहर भी अपनी फसल को एमसीपी से कम पर बेचने की मजबूरी से किसानों को मुक्ति मिल जाएगी। कृषि उपज की खरीदारी के मामले में निजी क्षेत्र या कॉरपोरेट घरानों का ही एकाधिकार है आज भी किसान बड़े पैमाने पर अपनी उपज को निजी बाजार की शर्तों पर औने-पौने दाम में बेचने को विवश है। एमएसपी को लेकर गारंटी कानून होने से भविष्य में इस परिदृश्य में व्यापक बदलाव देखने को मिल सकता है।

## वर्ल्ड सुसाइड प्रिवेंशन डे मनाया

समाचार गेट ब्यूरो

**फरीदाबाद।** मैरिंगो एशिया हॉसपिटल्स फरीदाबाद ने विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस मनाया और हेल्थ केयर प्रोवाइडर द्वारा सेवा प्रदान किए आने वाली सोसाइटी में आत्महत्या की रोकथाम पर जागरूकता बढ़ाने की सिफारिश की। 10 सितंबर को, मैरिंगो एशिया हॉसपिटल्स फरीदाबाद दुनिया भर के लाखों लोगों के साथ विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस मनाएगा। यह दिन आत्महत्या के बारे में जागरूकता बढ़ाने, इसके इर्द-गिर्द व्याप्त स्टिग्मा (कलंक) को कम करने तथा इस संदेश को बढ़ावा देने के लिए समर्पित है कि आत्महत्याओं को रोका जा सकता है। इस वर्ष की थीम, चेंजिंग द नैरेटिव ऑन सुसाइड सक्रिय भागीदारी के माध्यम से आत्मविश्वास और आशा को प्रेरित करने के महत्व पर जोर देती है। इस विभाग का नेतृत्व डॉ. जया सुकुल, कंसल्टेंट एवं एचओडी, क्लिनिकल साइकोलॉजी द्वारा किया जाता है। मैरिंगो एशिया हॉसपिटल्स फरीदाबाद इस वैश्विक प्रयास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए समर्पित है। विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस 2024-2026 का त्रिऐनियल थीम , चेंजिंग द नैरेटिव आन सुसाइड है। इस थीम का उद्देश्य आत्महत्याओं को रोकने के लिए स्टिग्मा (कलंक) को कम करने और आम जन के बीच इस विषय पर चर्चा को प्रोत्साहित करने के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाना है।

## पुलिस की पाठशाला का किया आयोजन

समाचार गेट ब्यूरो

**फरीदाबाद।** फरीदाबाद पुलिस ने बोहरा पब्लिक स्कूल चावला कॉलोनी में पुलिस की पाठशाला कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान स्कूली बच्चों को नए कानूनों, साइबर अपराधों और सड़क सुरक्षा के बारे में महत्वपूर्ण जानकारियां दी गई। पुलिस टीम ने साइबर अपराधों के प्रकार और उनके बचाव के तरीकों पर विस्तार से जानकारी दी।

साइबर अपराध के शिकार होने पर हेल्पलाइन 1930 पर संपर्क करने और पोर्टल पर शिकायत दर्ज करने की प्रक्रिया को समझाया गया तथा मोबाइल फोन गुम अथवा चोरी होने पर पर जानकारी देने के लिए जागरूक किया गया। उन्होंने बच्चों को बताया कि अनजाने में भी साइबर अपराधों में शामिल हो सकते हैं, इसलिए साइबर सुरक्षा के लिए सावधानी बरतना अत्यंत आवश्यक है। स्कूल प्राचार्य ने इस अवसर पर पुलिस आयुक्त की इस पहल के लिए धन्यवाद व्यक्त किया और कहा कि इस प्रकार के आयोजन लगातार स्कूल में होने चाहिए, ताकि बच्चे कानून के प्रति जागरूक रहें और गलतियों से बच सकें।

## कांग्रेस ने भ्रष्टाचार को जन्म दिया, गरीब लोगों का खून चूसा, कांग्रेस से सावधान रहें : मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी

समाचार गेट ब्यूरो

**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सोमवार को अंबाला सिटी विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी असीम गोयल का नामांकन पत्र दाखिल करवाया। नामांकन पत्र दाखिल करने से पहले एक रैली का आयोजन भी किया। नामांकन रैली में उमड़े जनसमूह को देखकर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी गदगद हो गए और कहा कि इतनी बड़ी संख्या में जनता ने यहां पहुंचकर साबित कर दिया है कि अंबाला जिले की सभी विधानसभा सीटों पर कमल का फूल खिल रहा है।

सैनी ने कहा कि मुझे विश्वास हो गया है कि इस बार भी अंबाला से कमल खिलकर चंडीगढ़ जाएगा। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने रैली के दौरान कांग्रेस पर भी जमकर हमला बोला उन्होंने कहा कि हमने लंबे समय तक कांग्रेस का शासन देखा है। कांग्रेस के शासन में गरीब लोगों का अपमान किया जाता था, गरीबों का खून चूसा जाता था। आम लोगों को लाइन में लगकर सरकारी काम करवाने पड़ते थे और बिना रुपयों के काम ही नहीं होते थे। कांग्रेस ने भ्रष्टाचार को जन्म दिया। कांग्रेस और भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने लोगों के बीच भ्रम फैलाया और झूठ की राजनीति की।

नायब सिंह सैनी ने कहा कि भाजपा सरकार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 10 साल में विकास की गति को बढ़ाया। अंबाला में चारों ओर विकास ही विकास है। भाजपा ने सरकारी सेवाएं ऑनलाइन करके लोगों के जीवन को सुगम बनाया। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि चंडीगढ़ में मुख्यमंत्री निवास कबीर कुटीर आपका है, किसी और का नहीं।

मुख्यमंत्री निवास के दरवाजे आपके लिए हमेशा खुले थे और आगे भी रहेंगे। एक महीने से कम का समय बचा है, इन दिनों में हमने रुकना नहीं है। एक-एक घर में



पहुंचकर कमल का फूल खिलाने का काम करें। नामांकन रैली में भाजपा प्रत्याशी असीम गोयल, जिलाध्यक्ष मनदीप राणा, अनुभव अग्रवाल, गोल्डी सैनी, रामचंद्र सैनी, हरीश सैनी, सोमनाथ कश्यप, सोदान सिंह, अमन सूद, मीनू गर्ग आदि मौजूद रहे। रैली के बाद भारी जन समूह के साथ असीम गोयल ने नामांकन पत्र दाखिल किया।

**मैंने घोषणाओं को धरातल पर उतारा**

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि भूपेंद्र सिंह हुड्डा कहते फिर रहे हैं कि नायब सिंह सैनी सिर्फ घोषणाएं कर रहे हैं। मैं हुड्डा और कांग्रेस को बता देना चाहता हूं कि मैंने खाली घोषणाएं ही नहीं की,बल्कि घोषणा करके उसे धरातल पर उतारा है। नायब सैनी ने कहा कि हुड्डा साहब जितने दिन मुझे काम करने के लिए मिले हैं, उनमें सिर्फ आपको ट्रेलर दिखाया है, 8 तारीख के बाद पिक्चर शुरू होगी।

**कांग्रेस के पास चेहरे ही नहीं**

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि 2014 से पहले कांग्रेस के पास जो नेता होते थे आज भी वही नेता हैं। 2024 के चुनाव में भी जिन्हें प्रत्यशी बनाया गया है, सभी पुराने चेहरे हैं, इससे साफ होता है कि कांग्रेस के पास नेता नहीं हैं। ये लोग हरियाणा को क्या दिशा देंगे। सैनी ने कहा कि किसी को चिंता करने की जरूरत नहीं विकास को लेकर भाजपा का विजन एकदम साफ है। 24 घंटे मुख्यमंत्री कार्यालय के दरवाजे आपके लिए खुले हैं। भाजपा हरियाणा में तीसरी बार सरकार बनाने जा रही है।

भाजपा प्रत्याशी असीम गोयल ने कहा कि इतनी बड़ी संख्या में आए लोगों को देखकर साफ हो गया है कि अंबाला जिले की सभी सीट भाजपा जीत रही है और प्रदेश में तीसरी बार भाजपा की सरकार बनने जा रही है। 5 अक्टूबर तक आपको रुकना नहीं है सबसे मिलते-जुलते रहना है,अंबाला से कमल खिलाकर चंडीगढ़ भेजना है।

## राहुल गांधी की ये आदत में शुमार है कि वह बाहर जाकर देश को गालियां देते हैं : अनिल विज

समाचार गेट ब्यूरो



**चंडीगढ़।** हरियाणा के पूर्व गृह मंत्री अनिल विज ने राहुल गांधी पर पलटवार करते हुए कहा कि राहुल गांधी की ये आदत में शुमार है कि वह बाहर जा कर देश को गालियां देते हैं। देश में रहते हुए भी ये कई बार ऐसा कर चुके जिससे लगता है की ये बाहर वाले देशों की भाषा बोलते हैं। राहुल गांधी द्वारा टेक्सास में ये कहा गया कि भाजपा और आरएसएस की धारणा है कि महिलाएं घर पर बैठे, रसोई में खाना बनाएं और ज्यादा बात न करें इस बयान पर आज पूर्व गृह मंत्री अनिल विज मीडिया कर्मियों के सवाल का जवाब दे रहे थे।

विज ने कहा की राहुल के अंदर देश कितना है ये सारा हिंदुस्तान जानता है। राहुल गांधी को आरएसएस के बारे में कोई जानकारी नहीं है और राहुल गांधी को पता होने चाहिए कि आरएसएस में भी महिलाओं की विंग बनी हुई है।

राहुल गांधी ने यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्सास में विद्यार्थियों से गुफ्तगू के दौरान ये भी कहा कि लोकसभा नतीजे आने के बाद यह साफ है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और आरएसएस का डर लोकसभा चुनाव के बाद लगभग गायब हो गया है। राहुल के इस ब्यान पर विज ने फिर से राहुल गाँधी पर हमला बोला और कहा कि राहुल गाँधी को पता होना चाहिए कि आज भी रूस जैसी महाशक्ति यूक्रेन के साथ युद्ध में मध्यस्था करने के लिए नरेंद्र मोदी का नाम लेती हैं और यही बात इटली की प्रधानमंत्री ने भी कही है कि हिंदुस्तान इस मामले में मध्यस्था कर सकता है। ये नरेंद्र मोदी की मजबूती का सबसे बड़ा सबूत है।

राहुल गांधी ने टेक्सास में चीन की तारीफ करते हुए कहा कि चीन ग्लोबल व्यापार की तरफ ध्यान देता है लेकिन भारत में बेरोजगारी और व्यापार का बुरा हाल है। विज ने इस पर भी प्रतिक्रिया दी और कहा कि मैंने तो पहले ही कहा है कि राहुल गांधी विदेशों की भाषा बोलते हैं अब ये नहीं पता कि राहुल गांधी किस किस देश के एजेंट हैं, लेकिन बोलते ये बाहर के देशों की भाषा ही हैं।

**आम आदमी पार्टी ने कांग्रेस को ठेंगा दिखा दिया - अनिल विज**

कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के गठबंधन टूटने को लेकर पूर्व गृह मंत्री अनिल विज ने कहा कि आम आदमी पार्टी ने कांग्रेस को ठेंगा दिखा दिया। मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि ये पहले तो दोनो (कांग्रेस और आप) मिल कर चुनाव लडना चाहते थे लेकिन अब आम आदमी पार्टी ने उन्हें (कांग्रेस) ठेंगा दिखा दिया है।

### सोमवार को फिरोजपुर झिरका विधानसभा से भाजपा के पूर्व विधायक नसीम अहमद का गांव रवा में जोरदार स्वागत सम्मान समारोह आयोजित किया गया



सोमवार को फिरोजपुर झिरका विधानसभा से भाजपा के पूर्व विधायक नसीम अहमद का गांव रवा में जोरदार स्वागत सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान गांव के बुजुर्गों, युवाओं व महिलाओं ने फूल मालाओं के साथ जोरदार स्वागत किया। दूसरी और सभी ने आगमी चुनाव में उनको पूरा साथ देने का आश्वासन दिया। इस मौके पर ग्रामीणों ने कहा कि आगमी चुनाव में वह नसीम अहमद का तन मन धन से पूरा सहयोग करेंगे। ग्रामीणों ने कहा कि इस बार नसीम अहमद भारी मतों से जीतकर विधानसभा पहुंच रहे हैं। नसीम अहमद व उनके परिवार पूर्व से ही क्षेत्र की भलाई के लिए कार्य करते आए। ऐसे में इस बार क्षेत्र के मतदाता उनको भारी मतों से विजई बनाकर विधानसभा भेजने का कार्य करेंगे। अहमद ने कहा कि केंद्र के साथ प्रदेश में भाजपा की सरकार ने पूरी ईमानदारी के साथ कार्य किया है। आज मेवात जिले के युवाओं को रोजगार में प्राथमिकता दी गई है तो जिले में विकास के लिए आईएमटी विकसित की जा रही है इसके साथ दिल्ली मुंबई एक्सप्रेसवे ने मेवात जिले की तस्वीर को बदला है। आने वाले समय में भाजपा का मकसद यहां पर बड़े उद्योग लगाकर क्षेत्र का संपूर्ण विकास करना है। उन्होंने ग्रामीणों से आवाहन किया कि आगामी 5 अक्टूबर को वह उनको जिताकर विधानसभा भेजने कार्य करें।

# कांग्रेस प्रत्याशी आफताब अहमद पहुंचे वकीलों के बीच, समर्थन की अपील

## आफताब अहमद का वकीलों ने किया गर्मजोशी से स्वागत, समर्थन का दिया वायदा।

**अनिल मोहनियां नूंह**

एक तरफ बीजेपी अपने प्रत्याशियों की खोज में है और मंथन कर रही है कि आखिर किसे चुनावी मैदान में उतारा जाए वहीं कांग्रेस के सीनियर लीडर चौधरी आफताब अहमद जिनपर कांग्रेस ने पहली लिस्ट में ही अपना विश्वास जताया वो लगातार जन समर्थन जुटाने में कामयाब हो रहे हैं। सोमवार को आफताब अहमद जिला बार एसोसिएशन नूंह के अधिवक्ताओं के बीच पहुंचे जहां उनका गर्मजोशी से स्वागत किया गया।





उन्होंने आगामी विधानसभा चुनाव के लिए समर्थन मांगा, वकीलों ने आफताब अहमद को आश्वस्त करते हुए उन्हें भरपूर समर्थन का भरोसा दिया। कांग्रेस आफताब अहमद ने स्वागत के लिए वकीलों का धन्यवाद करते हुए कहा कि वकीलों की जमात न्याय के लिए जानी जाती है और सही गलत के बीच तर्क वितर्क के लिए जाने जाते हैं। आज उन्हें दस सालों के कुशासन को सोचते हुए ये फैसला लेने का वक्त है कि बीजेपी ने इलाके सहित पूरे प्रदेश की कानून व्यवस्था को शून्य करने का काम किया है। बीजेपी की गलत नीति, नीयत और नेतृत्व को वकीलों ने भी नजदीक से देखा है इसलिए उनके लिए आसान है कि बीजेपी को वोट की चोट से विदा करने में अपनी भूमिका निभाएं। कांग्रेस के नूंह विधानसभा क्षेत्र से प्रत्याशी व मौजूदा विधायक आफताब अहमद ने वकीलों को अपने नामंकन सभा में शामिल होने का निमंत्रण भी दिया और कहा कि नूंह के विकास के लिए उन्हें स्थानीय वकीलों के सहयोग की दरकार है और उन्हें वकीलों का साथ कई जनहित मामलों में मिला भी है और आगे भी मिलने का पूरा यकीन भी है। ये अधिवक्ता रहे मौजूदः जाकिर हुसैन बार एसोसिएशन अध्यक्ष, फजल अहमद महा सचिव, मुजीब अहमद, खलील अहमद, सौकत अली, जे एस सैनी, एन एस टोकस, सुनील तंवर, ताहिर हुसैन पूर्व अध्यक्ष, कमालुद्दीन पूर्व अध्यक्ष, सलीम बाई पूर्व अध्यक्ष, ताहिर हुसैन देवला, ताहिर मेवली, अरशद मालब, एम यू हसन, आनंद यादव, मुबारिक मुरादबास, साजिद हुसैन, साजिद सलंबा पूर्व अध्यक्ष, सद्दीक अहमद, रहमान रेवासन सहित सैंकड़ों वकील मौजूद थे। सभी वकीलों ने आफताब अहमद को यकीन दिलाते हुए कहा कि इलाके के विकास के संघर्ष में वो उनके साथ हैं। बता दें कि कांग्रेस के आफताब अहमद मंगलवार को अपना नामांकन दाखिल करेंगे जिस दौरान नेता प्रतिपक्ष पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा और प्रदेश अध्यक्ष उदयभान मौजूद रहेंगे। दोनों प्रदेश कांग्रेस के शीर्ष नेता नूंह में आफताब अहमद के नामंकन के पश्चात फिरोजपुर झिरका और पुनहाना में कांग्रेस प्रत्याशियों के नामांकन में शामिल होंगे।

### होडल हसनपुर चौक और रेलवे चौक रेहड़ी वालों का कब्जा पुलिस प्रशासन की मिली भगत



**समाचार गेट हरिओम भारद्वाज**

होडल प्रशासन की अनदेखी के चलते शहर के अधिकांश चौराहों पर फल व सब्जी की रेहडी लगाने वालों ने अतिक्रमण किया हुआ है। अब अन्य चौराहों की तरह ही रेलवे चौक पर रेहडी वालों ने अपना कब्जा जमा लिया है। उक्त चौराहे पर लगने वाली फल व सब्जियों की रेहडियां लोगों के लिए नासूर बनती जा रही हैं। इन रेहडियों के कारण चौराहों पर पुरा दिन जाम की स्थिती बनी रहती है। स्कूलों की छुट्टी के दौरान तो रेलवे चौक से निकलना दूभर हो जाता है। स्कूल वाहन घंटों तक उक्त चौरहे पर जाम में फंसकर हार्न बजाते रहते हैं, लेकिन रेहडी वाले अपनी रेहडियों को जरा भी इधर उधर नहीं करते हैं। प्रशासनिक अधिकारी भी रेहडी वालों के आगे लाचार नजर आ रहे हैं। हालांकि प्रशासन द्वारा कभी जभी चौराहों व बाजार में अतिक्रमण हटाओ अभियान भी चलाया जाता है, लेकिन प्रशासनिक अधिकारियों की पीठ मुडते ही चौराहों पर अतिक्रमणकारी दोबारा से अतिक्रमण करना शुरू कर देते हैं। अतिक्रमण करने वालों को प्रशासन का जरा भी भय नहीं है।

**अतिक्रमण के कारण चौराहे पर घंटों तक लगा रहता है जाम**

रेहडी वालों द्वारा किए गए अतिक्रमण के कारण शहर के विभिन्न चौराहों पर पूरा दिन जाम की स्थिती बनी रहती है। जिसमें प्रशासनिक अधिकारियों के अलावा स्कूली वाहन,ऐम्बूलैंस,पुलिस के वाहना सहित अन्य दर्जनों वाहन घंटों तक फंसे रहते हैं। प्रशासनिक अधिकारियों की लाचारी कहें या फिर राजनेताओं के हस्तक्षेप के कारण बाजार और विभिन्न चौराहों पर लगने वाली सैंकडों रेहडियां आम जनता के लिए नासूर बन चुकी हैं। चौराहें पर लगने वाली उक्त रेहडियों को किसी अन्य स्थान पर खडी कराने के लिए प्रशासन पिछले कई वर्षो से प्रयास कर जगह तलाश कर रहा है,लेकिन उक्त योजना भी आज तक सिरे नहीं चढ सकी है। हसनपुर चौराहे पर लगने वाली रेहडियों के कारण यहां गंदगी के ढेर लगे रहते हैं। इसके अलावा रेलवे चौक पर भी सैकडों रेहडी फल और सब्जियों की लगने लगी हैं। उक्त रेहडी वाले प्रातः पांच बजे से ही रेहडियों को खडी करना शुरू कर देते हैं, जिसके कारण उक्त चौरहे पर प्रातः और सांय के समय कई कई घंटों तक जाम लगा रहता है। रेलवे स्टेशन आने जाने वाले दैनिक यात्री,स्कूली वाहन व अन्य वाहन चालक इसी जाम में फंसे रहते हैं। स्कूली वाहनों के जाम में फंसने के कारण स्कूली छात्रों को भी परेशानियों का सामना करना पडता है और वह काफी देरी से विद्यालय पहुंचते हैं, जिसके कारण छात्रों की पढाई भी प्रभावित होती है। इतना ही नहीं अगर कोई व्यक्ति रेहडी वालों से रेहडी साईड में करने की बात करता है तो रेहडी वाले अभद्रता से पेश आते हैं।

यहां के स्थानीय निवासी यशवीर शर्मा ने भी जानकारी देते बताया कि इनकी शिकायत मैंने 112 गाड़ी को की थी लेकिन वह 1 घंटे तक नहीं आए जब मैं दोबारा उनको कॉल की तो उनका कहना था बकवास मतकर चुप रेह फ्री में सब्जी लेने के चकर मे है हम तेरे जैसों अच्छी तरह जानते हैं इसलिए रेहडी वालों को तंग कर रहा है

### गांव भिड़की के कुंडा वाले मंदिर में चल रहा है अखंड महामंत्र संकीर्तन,सैंकडों की संख्या में हिस्सा ले रहे हैं महिला पुरुष श्रद्धालु



**समाचार गेट हरिओम भारद्वाज**

**होडल,** के गांव भिड़की स्थित मामरोली दादी माई मंदिर के निकट स्थित कुंडा वाले मंदिर में चल रहे अखंड महामंत्र संकीर्तन का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें गांव के अलावा बांसवा, पैंगलतु, खाम्बी, घासेडा सहित अन्य गावों के सैंकडों की संख्या में श्रद्धालु हिस्सा ले रहे हैं। मंदिर प्रांगण में 19 अगस्त से शुरू हुआ महामंत्र संकीर्तन आगामी 17 सितम्बर तक चलेगा। हरे कृष्ण हरे कृष्ण कृष्ण कृष्ण हरे हरे महामंत्र संकीर्तन के लिए 12 टीमें बनाई हुई हैं, जिनमें शामिल 4 से 6 श्रद्धालु अपनी अपनी डयूटी के अनुसार निर्धारित समय पर मंदिर प्रांगण में पहुंच जाते हैं। मंदिर के महंत पोहपीदास,प्रियदास व गंगादास आदि ने बताया कि महामंडलेश्वर श्री डिगम्बर दास महाराज के सानिध्य में चह रहे इस महामंत्र संकीर्तन में प्रतिदिन सैंकडों से अधिक महिला पुरुष हिस्सा लेते हैं। उन्होंने बताया कि महामंत्र संकीर्तन में भिड़की से पं.बली,महेंद्र फौजी, चौ.रतन, कल्याण, पैंगलतु से पं.नरवीर, लक्ष्मीनारायण, रामकिशन, हेमराज, भागीरथ, बांसवा से नरेश, बलवीर, कृष्ण, राजेंद्र, जोगेंद्र, रामू, घासेडा से अधिवक्ता वेदप्रकाश वशिष्ठ, सतवीर, खाम्बी से मदन भगतजी, अमरचन्द, रामचन्द आदि श्रद्धालुओं की टीमें प्रतिदिन मंदिर पहुंचती हैं और दो दो घंटे के अंतराल में महामंत्र संकीर्तन करते हैं। उन्होंने बताया कि मंदिर में उक्त महामंत्र संकीर्तन का आयोजित पिछले कई वर्षों से लगातार होता आ रहा है। उक्त महामंत्र संकीर्तन को देखने और सुनने के लिए आसपास के गावों से सैंकडों महिला पुरुष श्रद्धालु पहुंचते हैं। इस अवसर पर वेदप्रकाश वशिष्ठ ने बताया कि इस प्रकार के आयोजन से लोगों में धार्मिक भाव जागृत होता है। यह हमारी सनातन संस्कृति है। हम सभी को अपने परिवार के सदस्यों को भी इस प्रकार के आयोजनों में बढ चढकर हिस्सा लेने के लिए जागरुक करना चाहिए।

## 10 सितंबर को फिरोजपुर झिरका में हजारों समर्थकों के साथ नामांकन भरेंगे मामन खान

**(अनिल मोहनियां नूंह)**

फिरोजपुर झिरका से वर्तमान विधायक मामन खान इंजीनियर को एक बार फिर कांग्रेस ने अपना टिकट देकर मैदान में उतार दिया है और 10 सितंबर को विधायक मामन खान इंजीनियर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा के नेतृत्व में फिरोजपुर झिरका में नामांकन भरेंगे। विधायक मामन खान इंजीनियर ने कहा कि भूपेंद्र सिंह हुड्डा उनका नामांकन भरवाने के बाद फिरोजपुर झिरका की अनाज मंडी में एक जनसभा को भी संबोधित करेंगे। उन्होंने कहा कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में फिरोजपुर झिरका अनाजमंडी में पहुंचकर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा के विचार सुने और कांग्रेस के हाथ मजबूत करें। विधायक मामन खान ने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस की एकतरफा लहर चल रही है। प्रदेश के पूर्व



मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा के नेतृत्व में कांग्रेस लगभग 70 सीटों पर जीत दर्ज कर हरियाणा में पूर्ण बहुमत के साथ सरकार बनाने जा रही है। उन्होंने क्षेत्र की जनता का आभार जताते हुए कहा कि फिरोजपुर झिरका में कांग्रेस की एकतरफा लहर है। क्षेत्र की जनता के द्वारा दिए जा रहे मान सम्मान और समर्थन से विरोधी नेताओं के हौंसले पस्त हो गए हैं। जिससे कोई भी विरोधी नेता जनता के मिल रहे प्यार को देखते हुए मैदान में नहीं दिखाई दे रहा है मामन खान ने कहा कि वो पिछले 20 सालों से जनता के बीच रहकर जनता की समस्याएं सुनकर उनका समाधान कराते रहे हैं। पिछले 5 सालों में विधायक रहते हुए भी उन्होंने जनता के लिए समर्पित होकर काम किया है। जिससे जनता का उन्हें भारी प्यार और सम्मान मिल रहा है। विधायक मामन खान ने कहा कि क्षेत्र की जनता के आशीर्वाद से इस बार लगभग एक लाख वोटों से भी ज्यादा वोटों से चुनाव जीतकर विधानसभा में पहुंचेंगे और प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनते ही मेवात में रिकॉर्ड तोड विकास कार्य कराएंगे। विधायक मामन खान ने कहा कि 10 सितम्बर को भारी संख्या में फिरोजपुर झिरका में उनके नामांकन कार्यक्रम में पहुंचकर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा के विचार सुने और अपने भाई और बेटे मामन खान को अपना आशीर्वाद दें।

## पलवल विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मंत्री करण सिंह दलाल ने आज अपने हजारों समर्थकों के साथ हुड्डा जुलूस निकाला

पलवल विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मंत्री करण सिंह दलाल ने आज अपने हजारों समर्थकों के साथ हुड्डा सेक्टर -2 से लेकर जिला सचिवालय तक जुलूस निकाला और बिना पार्टी टिकट के नामांकन पत्र दाखिल किया और भारी मतों से जीत का दावा किया इस अवसर पर उनके साथ उनकी धर्मपत्नी ज्योति दलाल, पूर्व मंत्री हर्ष कुमार भी मौजूद थे। पलवल विधानसभा क्षेत्र से नॉमिनेशन के बाद कांग्रेस नेता पूर्व मन्त्री करण सिंह दलाल ने कहा कि 8वीं बार विधानसभा का चुनाव लड़ रहे है। शहर और देहात के लोगों में जोश और उत्साह बना हुआ है। लोगों का अभूतपूर्व प्यार और स्नेह लोगों का मिल रहा है। कांग्रेस पार्टी की नीतियों को लेकर लोगों के बीच



में जाएगें। पार्टी के मेनिफेस्टो में कहा गया है उसके बारे में लोगों को अवगत कराया जाएगा। जनता ने कांग्रेस को वोट देने का मन बना लिया है। उन्हें उम्मीद है कि प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनेगी। दलाल ने कहा कि भाजपा सरकार में प्रदेश का विकास नहीं हुआ। पलवल जिला विकास में पिछड़ गया है। सडकों पर जाम लगा रहता है। शहर में बारिश के पानी की निकासी नहीं है। नगर परिषद में भ्रष्टाचार व्याप्त है। सरकारी कार्यालयों में बिना रिश्वत के काम नहीं होता है। प्रदेश में महंगाई और बेरोजगारी चरम सीमा पर है। किसान,कमेरा वर्ग,कर्मचारियों को हक नहीं मिल रहा है। भाजपा सरकार ने व्यापारियों को बर्बाद करने का काम किया। दलाल ने कहा कि कांग्रेस की सरकार आने पर बुढ़ापा पेंशन 6 हजार रुपए की जाएगी। बिजली के बिलों में 300 यूनिट फ्री दी जाएगी। गैस सिलेंडर 500 रूपए में दिया जाएगा। गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए 25 लाख रुपए की स्कीम लागू की जाएगी।

# वन पर्यावरण एवं खेल मंत्री कंवर संजय सिंह की टिकेट कटने पर सोहना में एक महापंचायत का आयोजन किया गया

वन पर्यावरण एवं खेल मंत्री कंवर संजय सिंह की टिकेट कटने पर सोहना में एक महापंचायत का आयोजन किया गया। इस महापंचायत के आयोजक मंत्री संजय सिंह थे। जिसमें हजारों की संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। उन्होंने ने मंच से उमड़े जन सैलाब को संबोधित करते हुए कहा आज इस जन सैलाब ने दिखा दिया है कि सभी कार्यकर्ता कंवर संजय सिंह के साथ हैं। 51 लोगों की गठित की गई कमेटी निर्णय लेगी जो कमेटी का निर्णय सर्व मान्य होगा। यदि पार्टी दो दिन के अंदर टिकट बदलने का फैसला लेती है तो ठीक वरना निर्दलीय चुनाव लड़ा जाएगा। उन्होंने पूर्व विधायक पर भी भ्रष्टाचार का आरोप लगाया। कहा पूर्व विधायक के लोगों ने परिवार के लोगों ने जमीने कब्जाने का काम किया है बहन बेटियों से झगड़ा करने का काम किया है साथ कहा जो उन्हें टिकट मिली है नीचे से उप्पर तक पैसे की बरसात करके मिली है। कहा मेरे लिए समाज से बढ़कर पार्टी नहीं। अगर समाज कहेगा तो पार्टी और मंत्री पद से इस्तीफा देने के लिए



तैयार है। समाज ने ही मुझे बनाने का काम किया है पार्टी ने नहीं। मैं ऐसे पद को ठोकर मरने के लिए भी तैयार हूं। सोहना मेवात पर जब भी कोई आपत्ति आई तो कंवर संजय सिंह का परिवार हमेशा आगे खडा मिला। संघर्ष करने में कंवर संजय सिंह कभी पीछे नहीं हटा। जहां इस पंचायत में बरसात के बावजूद भी कार्यकर्ता रुके रहे। सम्मेलन के बीच में ही जिला परिषद के पूर्व चेयरमैन कल्याण सिंह चौहान और महेश चौहान ने भी मंच साझा की। जहां लोगों की नजरे इस पंचायत पर थी कि कब निर्णय लें और निर्दलीय चुनाव की घोषणा हो। वहीं अब देखना यह होगा कि आने वाले दो दिन के समय में पार्टी प्रत्याशी की टिकट बदलने का कार्य करेगी या कंवर संजय सिंह पार्टी के खिलाफ निर्दलीय चुनाव लड़ेंगे। अगर निर्दलीय चुनाव लड़े तो भाजपा प्रत्याशी तेजपाल तंवर मुसीबत बढ़ सकती है। इस पंचायत में विशेष बात देखने को मिली जहां एक समुदाय ने दूरी बनाए रखी। शहर से भी न के बराबर लोग मोजूद थे जो कि चर्चा का विषय था। जिसमें व्यापार मंडल संघ के प्रधान मनोज राघव बजरंगी जो 30 यूनियन के लगातार 5 साल से प्रधान रहे हैं और राजपूत समाज से संबंध रखते हैं। जहां वो शहर और आसपास इलाके में हर समाज के दुख सुख में शरीक होते हैं। आज तक उन की छवि पर कोई दाग नहीं लगा। लेकिन जो निर्णय पंचायत में उन्होंने कभी ले लिया वही सर्व मान्य भी होता है।

### पलवल से भाजपा के प्रत्याशी गौरव गौतम ने गुपचुप तरीके से किया नामांकन, बिना किसी जुलूस के पहुंचे लघु सचिवालय

**ज्योति खंडेलवाल:-**



पलवल में भाजपा के प्रत्याशी गौरव गौतम ने गुपचुप तरीके से अपना नामांकन दाखिल किया। बताया जा रहा है कि शुभ अवसर होने के कारण वह नामांकन पेपर जमा करने के लिए पहुंचे। गौरव गौतम बिना किसी जुलूस के लघु सचिवालय पहुंचे और अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। बताया जा रहा है कि अभी उनके कुछ कागजात और जमा होने हैं। वह 11 सितंबर को जमा कराए जाएंगे और इस मौके पर एक रोड शो भी निकाला जाएगा। लेकिन इस तरह से गुपचुप तरीके से भाजपा प्रत्याशी द्वारा नामांकन पत्र दाखिल करना शहर में चर्चा का विषय बना हुआ है। एक तरफ पूर्व मंत्री करण दलाल के द्वारा कई किलोमीटर लंबा रोड शो निकालकर नामांकन दाखिल किया गया। तो वहीं गौरव गौतम के द्वारा गुपचुप तरीके से नामांकन पत्र दाखिल किया गया।

# नामांकन के चौथे दिन रेवाड़ी विस से 4 उम्मीदवारों ने किया नामांकन : डीसी



**रेवाड़ी :** हरियाणा विधानसभा के 15वें आम चुनावों के लिए नामांकन भरने की प्रक्रिया 12 सितंबर तक जारी है। नामांकन प्रक्रिया के चौथे दिन सोमवार को 74-रेवाड़ी विधानसभा से लक्ष्मण सिंह यादव व सविता यादव ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) व चिरंजीव राव व अजय सिंह ने इंडियन नेशनल कांग्रेस (आईएनसी) प्रत्याशी के तौर पर अपना नामांकन दाखिल किया। आरओ एवं एसडीएम रेवाड़ी सुरेंद्र सिंह द्वारा नामांकन प्राप्त किए गए। सोमवार को बावल व कोसली विधानसभा क्षेत्र से किसी उम्मीदवार ने नामांकन दाखिल नहीं किया। उन्होंने बताया कि उम्मीदवारों द्वारा नामांकन पत्र गुरुवार 12 सितंबर, 2024 तक भरे जा सकते हैं। शुक्रवार 13 सितंबर, 2024 को नामांकन पत्रों की समीक्षा करते हुए छंटनी की जाएगी। सोमवार 16 सितंबर, 2024 तक नामांकन वापिस लिए जा सकते हैं। नामांकन प्रक्रिया के दौरान उम्मीदवारों को रिटर्निंग अधिकारी (आरओ)/ सहायक रिटर्निंग अधिकारी (एआरओ) के कार्यालय में अपने साथ भारत निर्वाचन आयोग की ओर से निर्धारित संख्या में ही लोगों को लाने की अनुमति होगी। उम्मीदवार अपना नामांकन पत्र सम्बंधित रिटर्निंग अधिकारी (आरओ) व सहायक रिटर्निंग अधिकारी (एआरओ) के कार्यालय में प्रातः 11 बजे से लेकर दोपहर बाद 3 बजे तक जमा करवा सकते हैं।

**उम्मीदवारों को नामांकन पत्र के हलफनामे के भरने होंगे सभी कॉलम :**

डीसी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अभिषेक मीणा ने बताया कि उम्मीदवारों को नामांकन पत्र के साथ दाखिल किए जाने वाले हलफनामे में सभी कॉलम भरने होंगे। यदि हलफनामे में कोई कॉलम रिक्त रह जाता है, तो रिटर्निंग अधिकारी उम्मीदवार को सभी कॉलम विधिवत भरे हुए संशोधित हलफनामा दाखिल करने के लिए नोटिस जारी करेगा। ऐसे नोटिस के पश्चात भी यदि कोई उम्मीदवार सभी पहलुओं से पूर्ण हलफनामा दाखिल करने में विफल रहता है, तो जांच के समय निर्वाचन अधिकारी द्वारा नामांकन पत्र अस्वीकृत किया जा सकता है।

**उम्मीदवार को सुरक्षा राशि के रूप में जमा करवाने होंगे 10 हजार रुपए :**

डीसी अभिषेक मीणा ने बताया कि निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा निर्देशानुसार विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के चुनाव के लिए नामांकन के समय उम्मीदवार को सुरक्षा राशि के रूप में 10 हजार रुपये जमा करवाने होंगे। इसके अलावा, जो उम्मीदवार अनुसूचित जाति से संबंधित है, उन्हें संबंधित चुनावों में आधी राशि अर्थात 5 हजार रुपये सुरक्षा राशि के रूप में जमा करवानी होगी, चाहे वह सामान्य निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव लड़ रहा हो या आरक्षित निर्वाचन क्षेत्र से।

**विधानसभा क्षेत्र में चुनाव खर्च की अधिकतम सीमा है 40 लाख रुपए :**

डीसी ने कहा कि उम्मीदवारों के लिए विधानसभा क्षेत्र में चुनाव खर्च की अधिकतम सीमा 40 लाख रुपये है। उम्मीदवारों या राजनीतिक दलों द्वारा 10 हजार रुपए से अधिक का चुनाव खर्च सभी स्थितियों में क्रॉस्ड अकाउंट पेयी चेक, ड्राफ्ट, आरटीजीएस/एनईएफटी या चुनाव के उद्देश्य से खोले गए उम्मीदवार के बैंक खाते से जुड़े किसी अन्य इलेक्ट्रॉनिक मोड द्वारा करना होगा।

## पुलिस ने खेडी में छापेमारी कर 530 ग्राम नशला पदार्थ काबू किया

**कनीना सुनील दीक्षित**

पुलिस ने खेडी गांव में छापेमारी कर नशीला पदार्थ गांजा बरामद करने में सफलता हासिल की है। इस बारे में सदर थाना इंचार्ज निरीक्षक मुकेश कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने घर में गांजे की पुडिया बनाकर बेचने के आरोप में छापेमारी की। जहां एक व्यक्ति सवाई सिंह गांजा बेच रहा था। पुलिस ने कागजी कार्रवाई पूरी कर ड्यूटी मैजिस्ट्रेट ईटीओ राजबीर सिंह की उपस्थिति में बैठक तलाशी ली गई तो उमें रखे बैड से काले रंग की पोलीथीन से गांजा बरामद हुआ। जिसका वजन 530 ग्राम मिला। पुलिस टीम ने गांजे को कब्जे में लेकर आरोपी सवाई सिंह के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज कर लिया।

## कनीना क्षेत्र में हुई 10 एमएम बारिश से बनी अव्यवस्था



**कनीना सुनील दीक्षित**

कनीना क्षेत्र में रविवार सांय हुई 10 एमएम बारिश के चलते जगह-जगह पानी जमा हो गया। नाले ओवरफ्लो होने के चलते बरसाती पानी सडकों पर आने से वाहन चालक एवं राहगीरों को परेशानी का सामना करना पडा। लगभग रोजाना बारिश होने से सडकों की शामत आने लगी है। बारिश के बाद रात्री के तापमान में गिरावट आने से सर्दी का एहसास होने लगा है। बारिश के चलते खेतो में खडी बाजरे,गवार तथा कपास की फसल में पानी लगने से उसमें रौनक छा गई है। किसानों को फसल में सिंचाई करने से छुटकारा मिला है। कनीना में किए जा रहे नाला निर्माण कार्य को लेकर अव्यवस्था बनी हुई है। उसमें बारिश का पानी जमा होने से नाला अवरूध हो गया। कनीना-अटेली मार्ग पर आरओबी का कार्य किए जाने तथा रेवाडी मोड से लेकर एसडीएम कार्यालय तक कछुआ गति से नाले का निर्माण कार्य चलने से चंहुओर अव्यवस्था का आलम बना हुआ है। आए दिन सडक जाम के हालात बन रहे हैं। टुकडों में किए जा रहे नाला निर्माणाधीन में बारिश के पानी के साथ कूडा-कचरा व पोलीथीन जाने से समस्या पैदा करने लगा है। नागरिकों ने नाले में प्रयुक्त किये जा रहे मैटीरियल को लेकर सवाल खडे किए हैं। मक्खी-मच्छर पनपने से स्थानीय दुकानदार परेशान होने लगे है।

## खंड सिवानी के मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में कुशल हरियाणा दक्षता आधारित शिक्षण कार्यक्रम का किया उदघाटन



**सिवानी। सोनिका सूरा**

कुशल हरियाणा दक्षता आधारित शिक्षण कार्यक्रम के उदघाटन के अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी डॉक्टर सुरेंद्र सिंह ने कहा कि प्रशिक्षण से जहां शिक्षा को और अधिक बेहतरीन बनाया जा सकता है वहीं दूसरी ओर इससे दक्षता में भी सुधार आता है उन्होंने यह भी कहा कि इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य अध्यापकों को और अधिक निपुण बनाना है तथा विद्यार्थियों के ज्ञान के स्तर को बढ़ाना है। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में बतौर प्रशिक्षक देवेंद्र सिंह ढूहन, पंकज श्योराण तथा संतोष ने उपस्थित स्कूल मुखियाओं को कॉफिडेंस बेस्ट एजुकेशन तथा टीचिंग लर्निंग साइकिल के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में सुधार लाने वाले शिक्षा विभाग के उड़ान कार्यक्रम को ईमानदारी से पूरा करने का आह्वान भी किया और इस कार्यक्रम में खंड के 34 स्कूल मुखियाओं ने भाग लिया। इस अवसर पर सुरेश श्योराण व अनिल कुमार सहित अनेक प्राचार्य उपस्थित थे।

## विश्वास फाउंडेशन ने डोनेट की प्रोटीनयुक्त पोषक डाइट टीबी से ग्रस्त मरीजो के लिए

**पंचकूला :** विश्वास फाउंडेशन द्वारा गुरुदेव श्री स्वामी विश्वास जी के आशीर्वाद से 25 टीबी से ग्रस्त मरीजों के लिए प्रोटीनयुक्त पोषक डाइट दी गई। यह पोषक डाइट की पैकड किटें सिविल अस्पताल सेक्टर 6 पंचकूला में जिला टीबी ऑफिसर डॉक्टर मोनिका कौड़ा व टीबी स्टाफ जसबीर सिंह ने मिलकर रीसीव की। इस मौके पर विश्वास फाउंडेशन की अध्यक्ष साध्वी नीलिमा विश्वास के साथ साथ ऋषि सरल विश्वास व मोनिका बाली भी मौजूद रहे। विश्वास फाउंडेशन की अध्यक्ष साध्वी नीलिमा ने बताया कि संस्था द्वारा जून 2022 से मरीजों को डाइट देनी शुरू की गई थी और यह प्रक्रिया आगे भी इसी तरह जारी रहेगी। संस्था ने टीबी के मरीजों को अतिरिक्त पोषण, सोशल, मोरल सपोर्ट व टीबी मुक्त भारत के लिए कम्युनिटी सपोर्ट देने का काम किया है। सरकार का मकसद है कि टीबी को साल 2025 तक खत्म करना है, ऐसे सराहनीय कदम में विश्वास फाउंडेशन भी सरकार के इस फैसले के साथ है।

# अटेली विधान सभा से चौथे दिन दाखिल हुए तीन नमांकन



कर्मचारी मुस्तैदी के साथ ड्युटी कर रहे हैं। रिटर्निंग अधिकारी एसडीएम अमित कुमार ने बताया कि 12 सितम्बर तक नामांकन पत्र दाखिल किए जा सकते हैं। 13 सितम्बर को उनकी जांच की जाएगी तथा 16 तक नामांकन पत्र वापिस लिए जा सकेगें। इस अवसर पर मनीष शर्मा, अभिमन्यू राव, महिपाल नम्बरदार, सुधिा शास्त्री उपस्थित थे।

**कनीना सुनील दीक्षित**

आगामी 5 अक्टूबर को होने वाले हरियाणा विधान सभा चुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया के चौथे दिन अटेली हलके से तीन नामंकन पत्र दाखिल किये। पहला नामाकंन पत्र जेजेपी प्रत्याशी आयुषी अभिमन्यू राव द्वारा नैना चौटाला की उपस्थिति में दाखिल किया गया जबकि दूसरा नामांकन पत्र उनके पति अभिमन्यू राव की ओर से दाखिल किया गया। तीसरा पर्चा औमप्रकाश इंजीनियर की ओर से भरा गया। 68-अटेली हलके के नामांकन-पत्र एसडीएम कार्यालय कनीना में रिटर्निंग अधिकारी अमित कुमार ने प्राप्त किए। सुबह 11 बजे से सायं तीन बजे तक नामाकंन दाखिल किए जा सकते हैं। सुरक्षा की दृष्टि से बेरिकेटिंग के साथ पुलिस

**स्टेट हाईवे पर पैदा हुई जाम की स्थिति**

लोक निर्माण विभाग के ठेकेदार द्वारा एसडीएम कार्यालय गेट से सटाकर किए जा रहे नाला निर्माण कार्य तथा नामांकन कार्य के चलते वाहनों के इधर-उधर खडा रहने से स्टेट हाईवे नम्बर 24 पर जाम की स्थिति बन गई। जिसमें यात्री वाहनों सहित छुट्टी के बाद विद्यार्थियों को घर छोडने जा रही विभिन्न स्कूलों की बसें भी फंस गई। भूख से व्याकुल स्कूली बच्चों के चेहरे मुर्झा गए। यहां पर पुलिस प्रशासन यातायात बहाल करने में विफल रहा। किसी भी पुलिस कर्मचारी ने जाम खुलवाने का प्रयास नहीं किया।

नतीजतन वाहन चालक जैसे-तैसे गुजरने लगे। दोपहर एक बजे से लेकर सांय साढे 4 बजे तक सडक पर हालात बेकाबू रहे।

# ' गूजरी खवा दे थोडो माखन प्यार सै ' गणपति उत्सव पर झूमे श्रद्धालु , प्रतिभाओं को किया सम्मानित



**रेवाड़ी।** नगर की प्रमुख कालोनी टीपी स्कीम 9 में सातवें श्री गणेशोत्सव में मनोरंजक मेले व प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जहाँ मुख्य अतिथि रामकिशन गुप्ता ने विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं मे अव्वल रहे मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया, वहीं आकषर्क झांकियों में गीतों की धुन पर श्रद्धालु झूम उठे। समिति के मीडिया प्रभारी व कार्यक्रम संचालक गोपाल शर्मा ने बताया कि बीती शाम श्रद्धालुओं ने टीपी स्कीम कॉम्प्लेक्स मनोरंजक मेले में स्वादिष्ट व्यंजन व झूलों का आनंद लिया। रात्रि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्री गुप्ता ने बारहवीं की परीक्षा में 96 प्रतिशत अंक के साथ नीट परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले राव राघव सिंह, बारहवीं कक्षा के लिए वंशिका मुदगिल( 93.4 ), कनन माटा( 91 )व रुद्रांशी गोयल( 90.4 ) तथा दसवीं कक्षा में रेयांश वत्स, अंशिका वत्स, परीक्षित शर्मा व कृतिका को सम्मानित किया। इस मौके पर मुख्य अतिथि ने टीपी स्कीम, गौतम नगर, सुभाष नगर व सज्जन कालोनी के जरुरतमंद बच्चों को जीएलएच में 50 प्रतिशत छूट के साथ तथा हिंदू स्कूल में निशुल्क प्रवेश का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में तनिषा आर्ट ग्रुप के कलाकारों ने ' गूजरी करो सारै बदनाम, मनै तो मटकी फोडी थी ' ' भोर भई पनघट पे मोहे नटखट श्याम , होली खेले तो कान्हा बरसाने मै आ जइये आदि गीतों पर नृत्य से समा बांध दिया। इस मौके पर समिति संरक्षक सतीश अग्रवाल, प्रधान मुकेश अग्रवाल, उपप्रधान अनिल सैनी सचिव मनोज गोयल, सहसचिव अजय सहगल, कोषाध्यक्ष बलवंत सिंह, सह कोषाध्यक्ष ओमप्रकाश तनेजा, समिति सदस्य शरद गोयल, श्री नाथ, प्रवीण सचदेवा, विनय मलिक, सुनील माटा, मनोज रुस्तगी, संजय कालरा ने विभिन्न प्रभार संभाले। इनसेट।

## "मिच्छामी दुक्कड़म"



संजय एम. तराणेकर
(कवि, लेखक व समीक्षक)

आओ मिटाए जाति, धर्म का भेद,
अपनी गलतियों पर व्यक्त करें खेद।
ये दो शब्द "मिच्छामी दुक्कड़म"
विशेष हैं सभी को याद रहे हरदम।
जब शब्दों, कर्मों या विचारों से,
हुई हो किसी भी प्रकार की पीड़ा।
गलती से भी पैरों में आकर,
अस्तित्व से मिट गया हो कोई कीड़ा।
इस पवित्र अवसर पर हृदय से,
उन सभी से क्षमा मांग उठाओं बिड़ा।
करो त्याग अहंकार की भावना,
कर लो सच्चे मन से क्षमा की कामना।
सच्ची शांति और सुख संभव तभी,
करों एक-दूजे को क्षमा का साहस सभी।
दिलों में प्रेम और करुणा का हो भाव,
जलाओ ज्योत प्रेम की हर-घर में हो छांव।

## हुड्डा प्रदेश को फिर बनाएंगे नंबर वन , बदलाव की लहर जारी : रीतू फरटिया



**सिवानी सोनिका सूरा**

युवा कांग्रेस नेत्री डॉ.रीतु फर टिया ने कहा कि भाजपा के कु शासन काल में हरियाणा प्रदेश पिछले 10 वर्षों से विकास , प्रतिव्यक्ति आय,रोजगार के मामले में बहुत पीछे चला गया है, जबकि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा के नेत्रत्व वाली कांग्रेस सरकार मे हरियाणा विकास के मामले में देशभर में अव्वल राज्यो मे गीना जाता था"हरियाणा मांगे हिसाब' कार्यक्रम के तहत डॉ रीतु फरटिया आज ग्रामीण जन संपर्क अभियान के तहत ग्रामीणों से रुबरु हो रही थी उन्होने कहा कि अब प्रदेश की जनता भली-भांति समझ चुकी है कि हरियाणा प्रदेश को विकास व रोजगार के मामले में फिर से नंबर वन राज्य बनाने के लिए भूपेन्द्र सिंह हुड्डा के नेतृत्व में कांग्रेस की सरकार बनाना जरूरी है क्योंकि हुड्डा की जनहित की सोच व कार्यप्रणाली ही हरियाणा को नंबर राज्य बना सकती है रितु फरटिया ने कहा कि हरियाणा में जनता की कांग्रेस के पक्ष में प्रचंड लहर है" ऐसे में साफ हो गया है कि इस बार विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पूर्ण बहुमत के साथ सरकार बनाने जा रही है और भूपेन्द्र सिंह हुड्डा प्रदेश के मुख्यमंत्री बनेंगे" उन्होंने कहा कि भाजपा पार्टी के नेता आए दिन कह रहे हैं कि कांग्रेस पार्टी दिन में सपने देख रही है, जबकि सच बात तो यह है कि भाजपा ने अपने क कुशासन काल में आमजन के सामने इतने झूठ व पाखंडो का जाल बुना कि अब भाजपा के नेता स्वयं के बने भ्रम के जाल में बुरी तरह से फस चुके हैं तथा उसे अब प्रदेश की जनता की कांग्रेस की सरकार बनानी की सोच व मंशा नजर ही नहीं आ रही"

## लिटरेसी डे पर लीगल सर्विस अथॉरिटी की ओर से एडवोकेट निशा रानी ने छात्रों को दी कानूनी जानकारी




**रेवाड़ी।** स्थानीय किशन लाल पब्लिक कॉलेज के लीगल लिटरेसी सेल के तत्वावधान में इंटरनेशनल लिटरेसी डे के अवसर पर डिस्ट्रिक्ट लीगल सर्विस अथॉरिटी रेवाड़ी की तरफ से एडवोकेट निशा रानी ने छात्रों को कानूनी रूप से जानकारी देकर जागरूक बनाया । उन्होंने विद्यार्थियों को मतदान करने के लिए उनके मतदाता अधिकारों सुरक्षा पूर्ण तरीके से वाहन चलाने से संबंधी नियम और कानून के बारे में जानकारी दी। इसके अतिरिक्त उन्होंने विद्यार्थियों को पॉक्सो एक्ट के बारे में उसके प्रावधानों एवं उनसे जुड़े हुए कानून तथा सजा से संबंधित विस्तार पूर्वक जानकारी दी। सभी छात्रों ने इस जानकारी का स्वागत किया। प्राचार्य डॉ बिंदु अरोड़ा ने कहा कि यह जानकारी छात्रों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है लीगल लिटरेसी सेल की कन्वीनर डॉ गायत्री यादव ने छेड़खानी और पोक्सो के अंतर्गत आने वाले अपराधों के बारे में भी बच्चों को सचेत रहने के लिए कहा । इस अवसर पर लीगल लिटरेसी सेल से डॉ जया शर्मा, श्रीमति रेखा रानी और डॉ ऋचा शर्मा के साथ-साथ डॉ बबीता मेहरा, डॉ संगीता, डॉ पुष्पा यादव , श्रीमति बाला देवी और श्री हरभजन सिंह समेत सभी विद्यार्थियों ने बढ-चढ़कर भाग लिया।

# नशे के विरुद्ध गाँव गाँव तक पहुँच रही है एनसीबी हरियाणा

## मुझे क्या जैसी सोच को बदले और नशा बेचने वाले अपराधियों की गुप्त सूचना 9050891508 पर दें




**समाचार गेट/ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो प्रमुख ओपी सिंह अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक साहब के दिशानिर्देशों और पुलिस अधीक्षक श्रीमती पंखुरी कुमार साहब के मार्गदर्शन में नशे के विरुद्ध युद्धस्तर पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर युवा पीढ़ी को नशा मुक्त अभियान से जोड़ा जा रहा है। इस कड़ी में आज तड़के ही साइकिल पर सवार होकर हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी/ उप निरीक्षक डॉ अशोक कुमार वर्मा राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नंगला गुजरान पहुंचे और शिक्षक परशराम की उपस्थिति में नशे के विरुद्ध एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें 890 विद्यार्थियों एवं 23 शिक्षकों एवं अन्य कर्मचारियों ने भाग लिया। तत्पश्चात वे राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सरुरपुर पहुंचे। शिक्षक रविंद्र की अध्यक्षता में यहां 376 विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने भाग लिया। दोनों विद्यालयों में नशे के विरुद्ध अपने व्याख्यान में विद्यार्थियों को नशे के दुष्परिणामों से परिचित कराते हुए डॉ अशोक कुमार वर्मा ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति चाहता है कि उसका जीवन आदर्श हो, लोग उनका सम्मान करें, धन और वैभव के साथ साथ सुख समृद्धि का घर में वास हो। यह सब तब होगा जब मनुष्य नशे से दूर रहेगा। जो व्यक्ति नशे की लत में पड़ जाता है वह अपने पूर्वजों द्वारा कमाई गयी सम्पति, धन, वैभव और कीर्ति को भी नष्ट कर देता है। नशा न करने वाला व्यक्ति अपनी बुद्धि और ज्ञान के साथ साथ परिश्रम के बल पर समाज में सम्मान का भागी बनता है। उन्होंने बताया कि कसी प्रकार नशा एक षड्यन्त्र के फलस्वरूप युवा पीढ़ी को समूल नष्ट करने के लिए उन तक पहुँच रहा है। इस षड्यंत्र को निष्क्रिय करने का कार्य ही नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो हरियाणा कर रही है लेकिन यह तब सम्भव होगा जब प्रत्येक व्यक्ति निष्ठा के साथ राष्ट्र को सर्वोच्च मानते हुए ब्यूरो के हजेलप्लिने नंबर 9050891508 पर नशा तस्करी में संलिप्त अपराधियों की गुप्त सूचनाएं देगा। प्रत्येक व्यक्ति को याद रखना चाहिए कि नशे रुपी आग को रोकने के लिए इसको बुझाने में सबकी सहभागिता करनी होगी।

जब किसी पड़ोस में आग लगती है तो हमे चाहिए कि उसे शीघ्रता से बुझा दें नहीं तो वह आग हमारे घर को भी जला कर राख कर सकती है। यही बात नही की है। जब कोई पड़ोस का व्यक्ति नशा कर रहा होता है अथवा बेच रहा होता है तो हम सोचते हैं कि मुझे क्या। बस इस क्या को ही नष्ट करना है। कार्यक्रम के अंत में शपथ ग्रहण करवाई गई।

## गणेश पंडाल पर पथराव की घटना के बाद बुलडोजर कार्यवाही, सैयदपुरा में अवैध निर्माणों का सफाया

सूरत। शहर के सैयदपुरा इलाके में कुछ विधर्मियों द्वारा बीती रविवार की रात गणेश पंडाल पर पथराव की घटना के बाद आज सूरत महानगर पालिका (एसएमसी) ने अवैध निर्माणों पर बुलडोजर कार्यवाही शुरू कर दी। एसएमसी प्रशासन ने भारी पुलिस सुरक्षा के साथ शहर के सैयदपुरा समेत आसपास बने अवैध निर्माणों का सफाया कर दिया। एसएमसी की कार्यवाही से अवैध निर्माणों करनेवालों में हड़कंप मच गया। जानकारी के मुताबिक सूरत के सैयदपुरा इलाके में गणेश पंडाल पर हुए पथराव को लेकर आज गृह राज्य मंत्री हर्ष संघवी ने सूरत पुलिस कमिश्नर कार्यालय में शहर के मेयर, पुलिस कमिश्नर, निगम अधिकारियों समेत अन्य आला अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक की। बैठक के बाद हर्ष साघवी ने कहा कि आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है और पुलिस ने घर-घर जाकर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए असामाजिक तत्वों को पकड़ा है। उन्होंने कहा कि अशांति फैलाने का प्रयास करनेवालों को बर्दाश्त नहीं किया सकता। हर्ष संघवी ने इस मौके पर सामाजिक संगठनों से अपील करते हुए कहा कि गुजरात को देश का सबसे बड़ा ग्रोथ इंजन बनाने के लिए दिन-रात काम करना है। मैं अल्पसंख्यक समुदाय के नेताओं से अपील करता हू कि वे ऐसे युवाओं को सही रास्ता दिखाएं। उन्होंने कहा कि इस बात का भी ख्याल रखा गया है कि कोई निर्दोष व्यक्ति जेल न जाये। दूसरी ओर गृह मंत्री के आदेश के हरकत में आए एसएमसी प्रशासन ने सैयदपुरा समेत आसपास के अवैध निर्माणों पर बुलडोजर कार्यवाही शुरू कर दी। सूरत मेयर के निर्देशानुसार स्थानीय क्षेत्र से अवैध निर्माणों का सफाया कर दिया गया है। सूरत के मेयर दक्षेश मवानी ने कहा कि बैठक में इन अवैध निर्माणों को लेकर भी चर्चा हुई और उन पर कार्यवाही करने का फैसला किया गया। गणेश पंडाल पर पथराव की घटना के अवैध निर्माण हटाओ अभियान युद्ध स्तर पर चलाया गया है। मेयर ने कहा कि पत्थर फेंकने वाला हर व्यक्ति समाज का अपराधी है। उन्होंने कहा कि बुलडोजर कार्रवाई अवैध निर्माणों पर की गई है और आने वाले दिनों में भी यह जारी रहेगी।

## गुजरात के मोरबी से सीहोर के 7 आदिवासी बंधकों को रिहा कराया

भोपाल। सीहोर जिले के शाहगंज के गांव खटपुरा के सात आदिवासी बंधकों को गुजरात के मोरबी से छुड़ाया गया है। सोमवार की रात तक वह अपने घर वापस पहुंच जाएंगे। गुजरात गए इन सात आदिवासी मजदूरों को बंधक बनाकर रखा गया था। रामेश्वर नामक ठेकेदार इन मजदूरों को 17000 रुपए महीने की पगार पर गुजरात के मोरबी लेकर गया था। उसके बाद मोरबी में बंधक बनाकर इन लोगों से काम लिया जा रहा था। एक आदिवासी मजदूर ने वीडियो बनाकर गुपचुप तरीके से भेजा,जब यह मामला सामने आया। केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह का यह विधानसभा क्षेत्र है। सूचना मिलते ही कलेक्टर सीहोर द्वारा एसडीएम और तहसीलदार को बुधनी भेजा गया था। मजदूर परिवारों से मोबाइल नंबर पता करके जानकारी प्राप्त की। गुजरात के मोरबी प्रशासन को बंधक बनाने की सूचना दी गई। उसके बाद इन आदिवासी मजदूर को छुड़ाया गया। मोरबी जिला प्रशासन ने उन्हें रिहा कराकर वापस भेजा है।

## इंफाल में पुलिस के खिलाफ सड़कों पर लोग

इंफाल। मणिपुर में हाल में हुए ड्रोन हमलों की निंदा कर रैली निकालने के बाद, इंफाल में राजभवन और मुख्यमंत्री के बंगले के निकट पहुंचे प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने के लिए सुरक्षा बलों ने आंसू गैस के कई गोले दागे। हजारों लोगों ने टिडिम रोड पर तीन किलोमीटर से अधिक दूरी तक मार्च किया और जब पुलिस ने उन्हें रोका, तब वे कड़ी सुरक्षा वाले क्षेत्र की ओर बढ़ गए। राज्य और केंद्रीय बलों की एक टुकड़ी ने सड़क पर अवरोधक लगा दिए। घटनास्थल पुलिस मुख्यालय, राज्य सचिवालय और भाजपा कार्यालय के निकट है। प्रदर्शनकारी सड़क पर बैठ गए और संदिग्ध उग्रवादियों द्वारा हाल में किए गए ड्रोन हमलों की निंदा करते हुए नारे लगाए और घटना में शामिल लोगों को गिरफ्तार करने में अधिकारियों की ''अक्षमता'' की निंदा की। उन्होंने ड्रोन हमलों को रोकने में कथित रूप से विफल रहने के लिए राज्य के पुलिस महानिदेशक को पद से हटाने की मांग करते हुए नारे लगाए।

## नशे की हालात में एयरपोर्ट पर हंगामा..... मलयालम अभिनेता गिरफ्तार

कून्नूर। मलयालम अभिनेता विनायकन को हैदराबाद के राजीव गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से गिरफ्तार किया गया। अभिनेता पर आरोप है कि वहां कथित तौर पर नशे की हालत में एयरपोर्ट स्टाफ से बदतमीजी कर रहे थे। सीआईएसएफ इंस्पेक्टर ने बताया कि विनायकन कोच्चि से इंडिगो की फ्लाइट से हैदराबाद आए थे और यहां से गोवा जाने वाले थे। तभी एयरपोर्ट के गेट पर वे स्टाफ के साथ बदतमीजी करने लगे और वे पूरी तरह से नशे की हालत में थे। सीआईएसएफ इंस्पेक्टर ने कहा, अभिनेता शराब के नशे में थे और उन्होंने उस हालत में काफी हंगामा किया। जिसके बाद फौरन मामला दर्ज किया गया। विनायक को आरजीआई एयरपोर्ट पुलिस को सौंप दिया गया और उनके खिलाफ सिटी पुलिस अधिनियम के तहत मामला दर्ज हुआ। बता दें कि पिछले साल भी, मलयालम अभिनेता को एक पुलिस अधिकारी की ड्यूटी में बाधा डालने और नशे की हालत में धमकी देने और दुर्व्यवहार करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। अभिनेता ने कथित तौर पर एर्नाकुलम टाउन नॉर्थ पुलिस स्टेशन में हंगामा किया था, जहां पुलिस ने उन्हें उनके अपार्टमेंट में उनकी पत्नी के साथ विवाद के सिलसिले में बुलाया था। विनायकन कई मलयालम फिल्मों के अलावा कई तमिल फिल्मों में भी काम कर चुके हैं। साल 2023 में आई सुपरस्टार रजनीकांत की फिल्म जेलर में उन्होंने विलेन का रोल निभाया था जिसके बाद उनके काफी ज्यादा तारीफ मिली थी।

## निलंबित आईपीएस अधिकारी दास पर महिला ने लगाया यौन शोषण का आरोप

मलप्पुरम। निलंबित आईपीएस अधिकारी सुजीत दास के लिए नई मुसीबत खड़ी हो गई है। पोन्नानी की रहने वाली एक महिला ने उन पर और अन्य वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों पर यौन शोषण का आरोप लगाया है। दास के अलावा, पुलिस स्टेशन में दर्ज शिकायत में पूर्व पोन्नानी सीआई विनोद वलियाट्टूर का नाम भी शामिल है, जो अब कोट्टक्कल सीआई के पद पर कार्यरत हैं। महिला ने आरोप लगाया है कि पूर्व तिरूर डीएसपी वी वी बेनी, जो अब तनूर डीएसपी है, ने उसके साथ छेड़छाड़ का प्रयास किया, लेकिन मैंने उसका विरोध किया। पोन्नानी पुलिस ने कहा कि वे प्रारंभिक जांच के बाद ही शिकायत के आधार पर एफआईआर दर्ज करेगा। इस बीच, बेनी ने महिला के आरोपों को प्रसारित करने वाले न्यूज चैनल के खिलाफ मलप्पुरम पुलिस प्रमुख एस शशिधरन के समक्ष शिकायत दर्ज कराई है। मैं पुलिस प्रमुख से चैनल के खिलाफ कार्रवाई करने का आग्रह करता हूं। विनोद और दास ने भी आरोपों को निराधार और उन्हें बदनाम करने की कोशिश करार दिया।

## पटना में बेखौफ बदमाश... भाजपा नेता की गोली मार कर हत्या

पटना। पटना के चौक थाना इलाके में सोमवार सुबह बदमाशो ने बीजेपी के पूर्व मंडल अध्यक्ष मुन्ना शर्मा की गोली मारकर हत्या कर दी। उन्होंने सोने की चेन छीनने का विरोध किया था, इसपर अपराधियों ने उन्हें गोली मार दी। घटना के बाद इलाके में तनावपूर्ण स्थिति है। पटना में सोमवार सुबह एक दहला देने वाली घटना सामने आई है। यहां बेखौफ अपराधियों ने बीजेपी के पूर्व मंडल अध्यक्ष की गोली मारकर हत्या कर दी है। बताया जा रहा है कि आरोपी पूर्व मंडल अध्यक्ष के साथ लूटपाट करना चाहते थे, लेकिन विरोध करने पर आरोपियों ने उन्हें गोली मार दी। बताया जा रहा है कि हमलावर बीजेपी के पूर्व मंडल अध्यक्ष शर्मा के गले से सोने की चेन छीनना चाह रहे थे, लेकिन मुन्ना शर्मा ने उनका विरोध किया। इसपर आरोपियों ने उन्हें गोली मार दी। गोली लगने के बाद उनकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमाटम के लिए नालंदा मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया है। लोगों के मुताबिक एक दिन पहले ही रविवार को उनके बेटा का छेका (सगाई) हुआ था। सोमवार सुबह वे परिवार वालों को टेम्पो में बैठाने के लिए रोड पर आए थे। उनके गले में सोने की चेन थी। अपराधी घात लगाए हुए थे और उन्हें शिकार के लिए बुजुर्ग मुन्ना शर्मा नजर आ गए। मौका पाकर आरोपियों ने उनके गले से सोने की चेन छीनने की कोशिश की।

# राहुल गांधी के बयान पर गिरिराज सिंह... एक गद्दार संघ को नहीं समझ सकता



नई दिल्ली (एजेंसी)। मोदी सरकार में केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के बयान पर पलटवार किया है। दरअसल सोमवार को अमेरिका के टेक्सास में कार्यक्रम के दौरान राहुल ने बीजेपी और आरएसएस पर तंज करते बयान दिया था। इसके जवाब में गिरिराज सिंह ने कहा, एक गद्दार आरएसएस को नहीं समझ सकता है। राहुल गांधी ने कहा कि संघ मानता है कि भारत एक विचार है, जबकि हमारा मानना है कि भारत विचारों की बहुलता है।

राहुल गांधी ने संघ की आलोचना कर कहा, बीजेपी और आरएसएस के खिलाफ लड़ाई लोकसभा चुनाव के समय साफ हो गई, जब लाखों भारतीयों को एहसास हुआ कि प्रधानमंत्री भारत के संविधान पर हमला कर रहे है।

राहुल गांधी की आलोचना का जवाब देकर केंद्रीय मंत्री सिंह ने कहा कि अगर उनको दादी से आरएसएस की भूमिका के बारे में पूछने की कोई तकनीक है, तब उन्हें ऐसा करना चाहिए या इतिहास के पन्नों में झांकना चाहिए। संघ को सही मायने में समझने के लिए राहुल गांधी को कई जन्मों की जरूरत होगी। एक देशद्रोही आरएसएस को नहीं समझ सकता है।

केंद्रीय मंत्री ने कहा, ऐसा लगता है कि राहुल गांधी केवल भारत को बदनाम करने के लिए विदेश यात्रा करते हैं। वे इस जिंदगी में कभी भी संघ को समझ नहीं पाएंगे, क्योंकि यह भारत के मूल्यों और संस्कृति में निहित है।

कांग्रेस नेता सैम पित्रोदा द्वारा राहुल गांधी की तारीफ करने के बाद बीजेपी नेता अमित मालवीय ने राहुल गांधी पर कटाक्ष करते हुए कहा कि उनकी उच्च शिक्षा, व्यापक अध्ययन और रणनीतिक सोच की वजह से उन्हें समझना आसान नहीं है। पित्रोदा का बयान तब आया, जब वे टेक्सास में भारतीय प्रवासियों को संबोधित कर रहे थे, जहां राहुल गांधी दौरे पर हैं। मालवीय ने व्यंग्यात्मक टिप्पणी करते हुए कहा, कभी-कभी राहुल गांधी को समझना आसान नहीं होता है, उनके गुरु पित्रोदा कहते हैं। उनकी गलतियां ऐसी होती हैं, जिससे ब्लूपर्स बनते हैं। पित्रोदा ने कहा है कि विपक्ष के नेता राहुल गांधी का नजरिया बीजेपी के नजरिए के विपरीत है और वह पप्पू नहीं हैं।

## बड़ी साजिश- रेलवे ट्रैक पर रखा गैस सिलेंडर और पेट्रोल से भरी बोतल, बड़ा हादसा टला

कानपुर। रेलवे ट्रैक पर मिली रही संदिग्ध वस्तुओं को देखकर ऐसा लगा रहा है कि देश में कोई बड़ी साजिश रची जा रही है। क्योंकि रेलवे ट्रैक के साथ बार-बार छेड़छाड़ की घटना सामने आ रही है। ताजा मामला कानपुर से है, जहां रेलवे ट्रैक पर सिलेंडर मिला। हालांकि ड्राइवर की सूझबूझ से बड़ा हादसा होने से टल गया। अनवरगंज-कासगंज के बीच भिवानी जा रही कालिंदी एक्सप्रेस के ट्रैक पर सिलेंडर रखा हुआ मिला। बाकी बरामद सामान में कांच की पेट्रोल से भारी बोतले भी मिली हैं, जिसमें बती भी लगी हुई थी (पेट्रोल बम की तरह), एक सफेद रंग का बैग भी मिला है। शक जताया जा रहा है कोई बड़ी साजिश रची गई थी। लेकिन सवाल ये अब भी है कि इस तरह की हरकत कौन कर रहा है?

ट्रेन की स्पीड ज्यादा थी, जिसकी वजह से ट्रेन को रोकते-रोकते ट्रेन सिलेंडर से जा टकराई। इसके चलते बहुत जोर सी आवाज आई। लेकिन गनीमत रही की किसी तरह की जनहानि नहीं हुई। इसके बाद ड्राइवर ने आरपीएफ को सूचना दी। मामले की जानकारी मिलते ही आनन-फानन में अधिकारी मौके पर पहुंचे। टीम ने जांच के बाद करीब 200 मीटर दूर सिलेंडर बरामद किया। सिलेंडर भरा हुआ मिला। जांच में अन्य संदिग्ध वस्तुएं भी बरामद हुई हैं। आरपीएफ ने कहा कि साजिश की घटना से इनकार नहीं जा सकता है। फिलहाल आरपीएफ ने एफआईआर दर्ज करके जांच शुरू कर दी है।

# इस सर्वे के बाद हरकत में आई भाजपा, अमित शाह ने महायुति के नेताओं संग की बैठक



पटना (एजेंसी)। महाराष्ट्र के दो दिवसीय दौरे पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने 9 सितंबर को महाराष्ट्र गठबंधन सरकार के घटक दलों के शीर्ष नेतृत्व के साथ सीट-बंटवारे समझौते पर विचार-विमर्श किया। बैठक, कथित तौर पर 45 मिनट तक चली। महायुति सरकार के शीर्ष नेतृत्व ने राज्य में होने वाले अत्यधिक विवादास्पद विधानसभा चुनावों से पहले सीट-बंटवारे समझौते पर विचारों का आदान-प्रदान किया। गौरतलब है कि बैठक के दौरान, जिसमें महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री और शिवसेना नेता एकनाथ शिंदे, राकांपा नेता और राज्य के उपमुख्यमंत्री अजीत पवार, साथ ही एक अन्य उपमुख्यमंत्री और भाजपा नेता देवेंद्र फडणवीस और महाराष्ट्र के प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले शामिल थे।

शाह ने इस बात पर जोर दिया गठबंधन सरकार के नेताओं से कहा कि सीट-बंटवारे की व्यवस्था में सभी का सम्मान किया जाएगा। उन्होंने आग्रह किया कि इसकी समीक्षा के लिए तत्काल एक संयुक्त बैठक बुलाई जाए। इसके अलावा बैठक के दौरान इस बात पर भी सहमति बनी कि महायुति नेताओं की अगली बैठक दिल्ली में होगी, जहां सीट आवंटन को लेकर अंतिम चर्चा होगी। इस बीच, यह ध्यान रखना उचित है कि शाह की महायुति नेताओं के साथ बैठक तब हुई है जब उन्होंने महाराष्ट्र की अपनी दो दिवसीय यात्रा के पहले दिन पिछली रात भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के स्थानीय नेतृत्व की बैठक की अध्यक्षता की थी। सूत्रों के मुताबिक, उस बैठक में उन्होंने विधानसभा चुनाव से पहले बीजेपी की तैयारियों की समीक्षा की और बीजेपी नेताओं को लोकसभा चुनाव की गलतियों को सुधारने और आपसी समन्वय बनाए रखने के निर्देश दिए।

अगस्त महीने में हुए एम्पिरीकल और मास सर्वे के अनुसार, इस बार महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में महायुति को 123 सीटें और महाविकास आघाड़ी को 152 सीटें मिल सकती हैं। माना जा रहा है कि महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव अक्टूबर-नवंबर में हो सकते हैं। इस बैठक में सीएम शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी की ओर से हाल ही में दिए गए विवादास्पद बयानों पर भी बात की गई।

## 16 माह बाद भी खड़ा हुआ ये यक्ष प्रश्न... क्यों नहीं रुक रही मणिपुर में हिंसा



नई दिल्ली (एजेंसी)। मणिपुर हिंसा की आग में जल रहा है। पूर्वोत्तर के इस राज्य में लूट, हत्याओं और अशांति की खबरें आम हैं। मणिपुर में 3 मई 2023 से हिंसा का दौर शुरू हुआ था। लेकिन 16 महीने बाद भी राज्य में शांति बहाल नहीं हुई। मणिपुर में हालात की गंभीरता का अंदाजा इस बात से लग सकता है कि वहां हिंसा में शामिल दोनों समुदायों के पास वे हथियार है जिनका इस्तेमाल आमतौर पर युद्ध में होता है। सेना इस कदर मजबूर है कि उन्हें एंटी ड्रोन सिस्टम तैनात करने पड़े हैं। पहाड़ों और घाटियों में लोगों ने बंकर बना रखे हैं। अब सवाल ये उठता है कि 16 महीने बाद भी हिंसा क्यों नहीं थम रही?

इसके कई कारण हैं। आसान भाषा में पूरी लड़ाई दो जातीय समूह कुकी और मैतई के बीच है। ज्यादात्तर मैतई समुदाय के लोग घाटी में रहते हैं और वहीं कुकी समुदाय के लोग पहाड़ों पर रहते हैं। हिंसा के बाद इन दोनों समुदायों का एक-दूसरे के स्थानों पर जाना बंद सा है। यही अलगाव हिंसा न थमने का एक बड़ा कारण भी है।

दोनों को अलग-अलग लोकेशन होने के चलते पूरा इलाका एक सरहद में बदल चुका है। रिपोर्ट के अनुसार, दोनों ने अपने लिए सेफ बंकर बना लिए हैं। भारी मात्रा में हथियार दोनों के पास ही मौजूद हैं। जिससे जब मौका मिलता है तब वे एक-दूसरे पर हमला करते हैं और फिर बंकर में छिप जाते हैं। घाटी और पहाड़ी होने के चलते उन्हें रोक पाना भी मुश्किल है।

## असम जैसे हालात गोवा में भी, राज्यपाल बोले- ईसाई घटे हैं और मुस्लम लगातार बढ़ रहे

कोच्चि (ईएमएस)। असम जैसे हालात गोवा में भी बनने लगे हैं। यहां के राज्यपाल एस. श्रीधरन पिल्लई ने रविवार को दावा किया कि राज्य में ईसाई आबादी में तेजी से कमी आई है। वहीं मुस्लिमों की संख्या पहले के मुकाबले बढ़ गई है। उन्होंने केरल की एक चर्च में आयोजित कार्यक्रम में कहा कि गोवा में ईसाई आबादी पहले के 36 प्रतिशत से घटकर 25 प्रतिशत रह गई है। उन्होंने कहा, 'मैंने एक वरिष्ठ पादरी से बात की। मैंने उन्हें बताया कि कैथोलिक समुदाय के सदस्यों का प्रतिशत घटकर 25 प्रतिशत हो गया है, जबकि इस्लामी समुदाय के सदस्यों का प्रतिशत पहले के तीन प्रतिशत से बढ़कर 12 प्रतिशत हो गया है बता दें कि जनसंख्या के असंतुलन की बात असम, उत्तराखंड जैसे कई राज्यों में भी कही जाती रही है। असम के सीएम हिमंत बिस्वा सरमा तो लगातार यह कहते रहे हैं कि राज्य में मुस्लिमों की आबादी में तेजी से इजाफा हो रहा है और इसकी वजह बांग्लादेश से होनी वाली घुसपैठ है।

## विदेश से आए शख्स में मिले मंकीपॉक्स के लक्षण, अस्पताल में किया आइसोलेट

**-स्वास्थ्य मंत्रालय पता लगा रहा किन-किन व्यक्ति के संपर्क में रहा मरीज**

नई दिल्ली (एजेंसी)। मंकी पॉक्स जो दुनिया के कई देशों में फैल चुका है जिसे लेकर डब्ल्यूएचओ भी चेतावनी जारी कर चुका है। अब भारत में भी इसकी एंट्री हो गई है। स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक हाल ही में एक मरीज विदेश से भारत आया है, जो ऐसी कंट्री में था जहां पर मंकी पॉक्स की बीमारी फैली है। मंकी पॉक्स जैसे लक्षण होने के कारण मरीज को आइसोलेट कर दिया गया है। उसके सभी टेस्ट किए जा रहे हैं। मरीज को डेसिग्नेटेड अस्पताल में आइसोलेट किया गया है और वर्तमान में उसकी हालत स्थिर है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि निर्धारित प्रोटोकॉल के अनुरूप मामले को देखा जा रहा है। यह पता लगाने के कोशिश की जा रही है कि कौन-कौन उस व्यक्ति के संपर्क में आया है। मंत्रालय ने कहा ऐसे मामलों से निपटने के लिए पूरी तैयार कर रखी है और किसी भी संभावित जोखिम से निपटने के लिए मजबूत उपाय किए गए हैं। केंद्र सरकार ने सभी राज्यों को जरूरी गाइडलाइंस जारी की है। साथ ही राज्यों को कोरोना वायरस की चुनौती के बीच अलर्ट रहने के लिए कहा गया है। पिछले दिनों हुई स्वास्थ्य मंत्रालय की बैठक में यह बात सामने आई थी कि मंकीपॉक्स का दो से चार सप्ताह का संक्रमण होता है और रोगी आमतौर पर सहायता संबंधी प्रबंधन से ठीक हो जाते हैं। संक्रमित व्यक्ति के साथ लंबे समय तक साथ रहने और आमतौर पर यौन संबंध, शरीर, घाव के तरल पदार्थ के साथ सीधे संपर्क या संक्रमित व्यक्ति के दूषित कपड़े, चादर का इस्तेमाल करने से होता है। बता दें डब्ल्यूएचओ ने इससे पहले जुलाई 2022 में मंकीपॉक्स को पीएचईआईसी घोषित किया था जिसके बाद मई 2023 में इसे रद्द कर दिया था। 2022 से वैश्विक स्तर पर डब्ल्यूएचओ ने 116 देशों से मंकीपॉक्स के कारण 99,176 मामले और 208 मौतें होने की बात कही थी।

# नीतिश क्यों मारते हैं बार-बार पलटी... उपेंद्र कुशवाहा ने किया खुलासा



पटना (एजेंसी)। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के फिर महागठबंधन में शामिल होने की अटकलों ने जोर पकड़ा है। दरअसल ये अटकलें तब शुरू हुईं जब नीतीश कुमार और लालू-तेजस्वी का एक पुराना वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। वहीं सीएम नीतीश कुमार ने यह कह सभी अटकलों पर विराम लगाने की कोशिश को कि वह अब इधर-उधर नहीं जाएंगे। बिहार सीएम के बयान पर उपेंद्र कुशवाहा ने सवाल उठाकर कहा है कि जब वे एनडीए में हैं ही, तब यह कहने की क्या जरूरत है?

दरअसल, पूरा मामला तब शुरू हुआ जब बिहार विधानसभा में विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव ने 3 सितंबर को मुख्यमंत्री कुमार से मुलाकात की। इस मुलाकात के बाद से ही राजनीतिक गलियारों में नीतीश के फिर से महागठबंधन में जाने की अटकलें तेज हो गईं। इसी बीच नीतीश कुमार और लालू-तेजस्वी का एक पुराना वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया, जिससे इन अटकलों को और हवा मिली। नीतीश के इस बयान पर भी बयानबाजी तेज हो गई है। सियासी गलियारों में चर्चा है कि नीतीश जो कहते हैं, वे बिल्कुल नहीं करते हैं। महागठबंधन में थे, तब भी इसी तरह का बयान देते थे। और एनडीए में हैं तब भी वहीं बयान दे रहे हैं।

### नीतीश को बोलने की जरूरत क्या है...

इधर, नीतीश के बयान पर प्रतिक्रिया देकर कुशवाहा ने कहा कि नीतीश एनडीए में हैं, यह बात बिल्कुल ठीक है। राजद के साथ जाकर उन्होंने जो महसूस किया, अब दोबारा-तिबारा सवाल ही पैदा नहीं होता कि उधर जाने की बात नीतीश कुमार करें। यह बात बिल्कुल सच है, लेकिन उनसे व्यक्तिगत मेरा आग्रह है कि इस बोलने की क्या जरूरत है?

# बारिश ने बदला नक्शा, अब यूपी, बिहार ही नहीं कई राज्यों को किया जलमग्न

**- 2036 तक ऐसी आपदाओं से देश के 147 करोड़ से ज्यादा लोग होंगे प्रभावित**

नई दिल्ली (एजेंसी)। राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में बारिश के कहर से साफ तौर पर नजर आ रहा है कि भारत में बाढ़ का नक्शा बदल रहा है। क्योंकि पहले नक्शे में सिर्फ यूपी, बिहार, उत्तर पूर्वी राज्यों में बाढ़ का खतरा रहता था। अब शहरी जलप्रलय की सीमाएं बढ़ रही हैं। सरकार को नया नक्शा बनाने की जरूरत है।

पूरे देश में बारिश का मौसम बदल चुका है। ऐसा माना जा रहा है कि इस बार मानसून भी देरी से ही विदा होगा। वजह है बंगाल की खाड़ी और अरब सागर के ऊपर बनने वाले चक्रवात, डिप्रेशन और लो प्रेशर एरिया। अब नया पैटर्न आ गया है तूफान का। वह बनता जमीन पर लेकिन खिसक कर समंदर में चला जाता है उसके बाद उसकी ताकत और भी बढ़ जाती है। देश में जो इलाके पहले सूखे जाने जाते थे, अब वहां तेज बारिश हो रही है। भयानक बाढ़ आ रही है या फिर दोनों ही स्थितियां हैं।

अगर राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन अथॉरिटी की माने तो सबसे ज्यादा बाढ़ वाले इलाके गंगा-ब्रह्मपुत्र बेसिन में हैं। उत्तर में हिमाचल से लेकर पंजाब, बिहार, यूपी असम और अरुणाचल प्रदेश है लेकिन अब तो तटीय राज्यों ओडिशा, गुजरात, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना के कुछ हिस्सों में भी बाढ़ आ रही है।

एक रिपोर्ट के मुताबिक गुजरात के 80 फीसदी जिलों में पिछले दो दशकों में बारिश की मात्रा और तीव्रता दोनों ही बढ़े हैं। इस साल सौराष्ट्र में आई बाढ़ ने यह बता दिया है। देश में पहले 110 जिले थे, जो सूखे से बाढ़ की तरफ गए थे लेकिन अब सूखे से ज्यादा बाढ़ झेलने वाले 149 जिले हैं। बिहार, आंध्र प्रदेश, ओडिशा, गुजरात, राजस्थान, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, महाराष्ट्र, यूपी और असम के 60 फीसदी जिले साल में एक बार जरूर चरम मौसमी आपदा का सामना करते हैं। 2036 तक ऐसी आपदाओं से देश के 147 करोड़ से ज्यादा लोग प्रभावित होंगे।

1973 से 2023 तक होने वाली सभी चरम आपदाओं की स्टडी रिपोर्ट में की गई है। हैरानी करने वाली बात यह है कि दिल्ली, गुजरात, तेलंगाना, राजस्थान की बाढ़ ग्रस्त हो गए हैं। वायनाड में भूस्खलन हो या फिर चमड़ी गलाने वाली गर्मी हो। वैज्ञानिक और एक्सपर्ट इनके होने का अंदाजा नहीं लगा सकते। क्योंकि इनकी तीव्रता, मात्रा अचानक बढ़ जाती है। असम के 90 फीसदी, बिहार 87 फीसदी, ओडिशा के 75 फीसदी और आंध्र प्रदेश और तेलंगाना के 93 फीसदी जिले भारी बाढ़ की स्थिति से कभी भी परेशान हो सकते हैं।

ये स्टडी करने वाले प्रमुख वैज्ञानिक अबिनाश मोहंती ने बताया कि अब गर्मी जमीन से बहकर समंदर की ओर जा रही है। जैसा अभी गुजरात, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में हुआ। इससे समंदर की गर्मी और बढ़ रही है। इसका असर मौसम पर पड़ता है। जैसे दक्षिण भारत में श्रीकाकुलम, कटक, गुंटूर और बिहार का पश्चिम चंपारण जो पहले बाढ़ के लिए जाना जाता था, अब वहां सूखा पड़ रहा है। ये खासतौर से मैदानी इलाकों में ज्यादा हो रहा है।



# 'भारतीयों को क्रिकेट के किसी भी रूप में ऑस्ट्रेलिया को हराना बहुत पसंद है'

नई दिल्ली (एजेंसी)। बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी (बीजीटी) के करीब आने के साथ ही अनुभवी बाएं हाथ के सलामी बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा ने इस तथ्य को स्वीकार किया है कि भारतीय टीम को क्रिकेट के किसी भी प्रारूप में ऑस्ट्रेलिया को हराने में बहुत खुशी मिलती है जबकि पिछले कुछ वर्षों में ऐतिहासिक प्रतिद्वंद्विता और भी बढ़ गई है।

भारत ने ऑस्ट्रेलिया में 2018/19 और 2020/21 में हुई पिछली दो बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी सीरीज में 2-1 से जीत हासिल की है। मेहमान टीम 22 नवंबर को पर्थ में शुरू होने वाले पांच मैचों के टेस्ट दौरे में ऑस्ट्रेलिया में सीरीज जीत की हैट्रिक बनाने का लक्ष्य रखेगी, इसके बाद एडिलेड, ब्रिसबेन, मेलबर्न और सिडनी में खेल होंगे। ख्वाजा ने कहा, 'हम पिछले दो सालों से दुनिया की नंबर एक और नंबर दो टीमें हैं। हम पिछली विश्व टेस्ट चैंपियनशिप में एक साथ थे। प्रतिद्वंद्विता हमेशा से बहुत बड़ी रही है। मैं इसे सम्मान के संकेत के रूप में लेता हूं और मुझे पता है कि भारतीयों को क्रिकेट के किसी भी रूप में ऑस्ट्रेलिया को हराना बहुत पसंद है।'

उन्होंने कहा, 'और ऑस्ट्रेलिया की इतने सालों से विश्व क्रिकेट में हावी टीमों में से एक होने की परंपरा ने उस प्रतिष्ठा को दांव पर लगा दिया है। मुझे लगता है, हां, भारतीयों के लिए ऑस्ट्रेलिया को हराना हमेशा से ही रहा है। और हाल ही में, आप जानते हैं, भारत और आईपीएल के उदय और बाकी सब कुछ जो हुआ, उसके बाद से ऑस्ट्रेलिया और भारत के बीच भी यही हुआ है। खासकर तब से जब से भारत ने ऑस्ट्रेलिया को ऑस्ट्रेलिया में हराया है, जब से वे बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी से बाहर आए हैं। इसका मतलब बस थोड़ा और है।'

तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड जो 2014/15 बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी सीरीज में ऑस्ट्रेलिया का हिस्सा थे, ने कहा कि वह ट्रॉफी को वापस पाने के लिए उत्सुक हैं। हेजलवुड ने कहा, 'हां, शायद यही सबसे कठिन प्रतिद्वंद्विता है। भारत के खिलाफ खेलना हमेशा एक बड़ी चुनौती होती है, और वे यहां की परिस्थितियों के इतने आदी हैं कि उन्हें यह पसंद है। आप जानते हैं कि ऑस्ट्रेलिया में चुनौती बहुत बड़ी है। वे अपने शीर्ष क्रम की बल्लेबाजी कर रहे हैं, चाहे कोई भी खेल रहा हो, उनके शीर्ष छह या सात अविश्वसनीय हैं। मैंने अपनी पहली सीरीज में उनके खिलाफ खेला, जाहिर है और हमने जीत हासिल की, शायद वह आखिरी बार था। बहुत से वही खिलाड़ी अभी भी खेल रहे हैं, मुझे लगता है कि मैंने विराट को उस गेम में हराया था।' उन्होंने कहा, 'तो हमारे बहुत से खिलाड़ी, मुझे लगता है, भारत को टेस्ट सीरीज में नहीं हरा पाए हैं। ट्रैविस हेड, कैमरन ग्रीन जैसे खिलाड़ी खेल रहे थे, ऐसे ही लोग। तो, हां हमारे लिए आने वाला समर बहुत बड़ा है और उम्मीद है कि हम ट्रॉफी वापस पा लेंगे।'

ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज ऑलराउंडर मिशेल मार्श आगामी सीरीज को लंबे फॉर्मेट को आगे बढ़ाने के एक और मौके के रूप में देखते हैं। उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि यह सिर्फ क्रिकेट है जो दोनों टीमों के बीच खेला गया है। अगर आप इतिहास, हाल के इतिहास को देखें, तो हमने चीजें जीती हैं, उन्होंने चीजें जीती हैं। और मुझे लगता है कि जब यह इस तरह आगे-पीछे होता है, तो यह आपके भीतर प्रतिद्वंद्विता का निर्माण करता है। आप जानते हैं कि भारतीय टीम और हमारी टीम में बहुत अच्छी दोस्ती है, इसलिए कोई नफरत नहीं है। लेकिन यह मैदान पर एक शानदार प्रतिद्वंद्विता है, दोनों टीमें जीतना चाहती हैं। ऑस्ट्रेलिया बनाम भारत, यह क्रिकेट के खेल को आगे बढ़ाने का एक और अवसर है। ऐसा नहीं है कि क्रिकेट को भारत में बढ़ने की जरूरत है, बल्कि दुनिया भर में। लोग इन बड़ी सीरीज को देखते हैं।'



# एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी : भारत ने जापान को दी करारी हार, लगातार दूसरा मैच जीता



हुलुनबुइर (चीन) (एजेंसी)। सुखजीत सिंह के दो गोल की मदद से गत चैंपियन भारत ने सोमवार को यहां पुरुष एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी हॉकी टूर्नामेंट के लीग मैच में जापान को 5-1 से हराकर लगातार दूसरी जीत दर्ज की।

सुखजीत ने दूसरे और 60वें मिनट में गोल किए जबकि अभिषेक (तीसरे), संजय (17वें) और उत्तम सिंह (54वें) अन्य भारतीय गोल करने वाले खिलाड़ी रहे। मात्सुमोतो काजुमासा ने 41वें मिनट में जापान के लिए एक गोल किया। रविवार को अपने शुरुआती राउंड-रॉबिन लीग मैच में चीन को 3-0 से हराने वाली चार बार की चैंपियन भारतीय टीम को दो पेनल्टी कॉर्नर मिले जबकि जापान की टीम ने पांच पेनल्टी कॉर्नर हासिल किए।

हरमनप्रीत सिंह की अगुआई वाली टीम बुधवार को पिछले चरण की उपविजेता टीम मलेशिया से भिड़ेगी। मंगलवार को आराम का दिन है। छह टीमों के बीच राउंड-रॉबिन लीग के बाद शीर्ष चार टीमें 16 सितंबर को खेले जाने वाले सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करेंगी। फाइनल 17 सितंबर को होगा।

## बांग्लादेश के खिलाफ पहले टेस्ट के लिए भारतीय टीम घोषित, ऋषभ की वापसी

मुम्बई (एजेंसी)। बांग्लादेश के खिलाफ इसी माह 19 सितंबर से होने वाली दो टेस्ट मैचों की घरेलू सीरीज के पहले टेस्ट के लिए भारतीय टीम घोषित कर दी गयी है।



इस सीरीज का पहला टेस्ट चेन्नई और दूसरा कानपुर में खेला जाएगा। टीम में आक्रामक विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत की वापसी हुई है। ऋषभ 2022 में कार हादसे से उबरने के बाद पहली बार टेस्ट खेलते नजर आयेंगे। उन्हें दिलीप ट्रॉफी में बेहतर प्रदर्शन का लाभ मिला है।

भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने इस सीरीज के लिए जो टीम घोषित की है उसमें श्रेयस अय्यर शामिल नहीं है। अय्यर ने दिलीप ट्रॉफी में अच्छी बल्लेबाजी कर अपना दावा पेश किया था पर वह बोर्ड का भरोसा हासिल नहीं कर पाये। टीम में जिस फैसले से सभी हैरान है वह है यश दयाल को शामिल किया जाना। यश वहीं गेंदबाज है जिनपर पिछले आईपीएल में रिंकू सिंह ने लगातार पांच छक्के लगाये थे। वहीं युवा विकेटकीपर बल्लेबाज ध्रुव जुरेल को भी टीम में रखा गया है। बीसीसीआई ने कहा कि पुरुष चयन समिति ने बांग्लादेश के खिलाफ आईडीएफसी फर्स्ट बैंक टेस्ट सीरीज के पहले टेस्ट के लिए भारत की 16 सदस्यीय टीम का चयन कर लिया है। इस टेस्ट सीरीज से साल 2024-25 के लिए भारत के अंतरराष्ट्रीय घरेलू सत्र की शुरुआत होगी। इस सीरीज के बाद बांग्लादेश के खिलाफ तीन टी20 मैच भी खेले जाएंगे। जिसके लिए सीरीज का चयन अभी होना है।

**टीम इस प्रकार है** - रोहित शर्मा (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, शुभमन गिल, विराट कोहली, केएल राहुल, सरफराज खान, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), आर अश्विन, आर जडेजा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, मो. सिराज, आकाश दीप, जसप्रीत बुमराह, यश दयाल।

# आप किसी टीम को कम नहीं आंक सकते, बांग्लादेश सीरीज से पहले बोले शुभमन गिल

नई दिल्ली (एजेंसी)। भारत के शीर्ष क्रम के बल्लेबाज शुभमन गिल का मानना है कि बांग्लादेश के खिलाफ आगामी टेस्ट सीरीज दिलचस्प होने वाली है। भारत और बांग्लादेश के बीच पहला टेस्ट 19 सितंबर को चेन्नई में खेला जाएगा, इसके बाद दूसरा टेस्ट 27 सितंबर से कानपुर में खेला जाएगा। चेन्नई मैच के लिए गिल को भारतीय टीम में शामिल किया गया है जिसमें ऋषभ पंत, केएल राहुल और विराट कोहली की टेस्ट टीम में वापसी हुई है जबकि बाएं हाथ के तेज गेंदबाज यश दयाल पहली बार टीम में दिखाई देंगे।



गिल ने कहा, 'मुझे नहीं लगता कि आप किसी अंतरराष्ट्रीय टीम को कम आंक सकते हैं। पिछले कुछ महीनों में बांग्लादेश ने जिस तरह का क्रिकेट खेला है, खासकर पाकिस्तान में, वह प्रभावशाली रहा है। उनके तेज गेंदबाजों और जिस तरह से उनके मध्यक्रम के बल्लेबाजों ने दबाव झेला है, उसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। इसलिए, मेरा मानना है कि यह एक दिलचस्प और रोमांचक मुकाबला होगा।'

अब तक 25 टेस्ट मैचों में गिल ने 35.52 की औसत से 1492 रन बनाए हैं, पिछले साल उन्होंने नंबर तीन बल्लेबाज के रूप में बल्लेबाजी की। टेस्ट में नंबर तीन पर बल्लेबाजी करने में आने वाली चुनौतियों के बारे में पूछे जाने पर गिल ने कहा, 'अक्सर, जब आप किसी अलग स्थान पर खेलते हैं तो हर कोई आपकी क्षमता जानता है, लेकिन फिर भी आपको खुद को साबित करना होता है। शुरुआती मैचों में जब मैं नंबर तीन पर खेला, तो मैं अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाया - वेस्टइंडीज और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ। मैं अच्छी शुरुआत कर रहा था, 20 और 30 रन बना रहा था, लेकिन मैं उन्हें बड़ी पारी में नहीं बदल पा रहा था। जब मैं वापस लौटा, तो मुझे पता था कि मुझे इन प्रदर्शनों को बदलना होगा। आगे बढ़ते हुए मेरा लक्ष्य अपने अर्द्धशतकों को बड़े शतकों में बदलना है।'

नंबर तीन बल्लेबाज के रूप में गिल ने इस साल इंग्लैंड के खिलाफ 4-1 टेस्ट सीरीज के दौरान नौ पारियों में 452 रन बनाए, जबकि उनका औसत 56.50 रहा। उन्होंने कहा, 'यह मेरे लिए बहुत बड़ा आत्मविश्वास बढ़ाने वाला था, खासकर पहला टेस्ट मैच हारने के बाद। काफी खिलाड़ी अनुपलब्ध थे, इसलिए हम पर सीरीज जीतने का दबाव था।' इंग्लैंड सीरीज जीत से मिली सीख के बारे में गिल ने कहा, 'मैंने पहले कभी पांच टेस्ट मैच नहीं खेले थे, इसलिए यह एक अच्छा अनुभव था और उस तीव्रता को महसूस करना रोमांचक था। दो टेस्ट मैचों के बाद ब्रेक मिलने के बाद भी हमने कभी उस तीव्रता को नहीं छोड़ा।'

## रोनाल्डो के रिकॉर्ड 132वें गोल से जीता पुर्तगाल

लंदन। क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने फिर से साबित किया कि वह 39 वर्ष के होने के बावजूद पुर्तगाल के लिए क्यों महत्वपूर्ण हैं। इस स्टार स्ट्राइकर ने मध्यांतर के बाद स्थानापन्न खिलाड़ी के रूप में मैदान पर कदम रखा और 88वें मिनट में निर्णायक गोल किया। इससे पुर्तगाल ने नेशन्स कप फुटबॉल टूर्नामेंट में स्कॉटलैंड को 2-1 से हराया।



पांच बार वर्ष के विश्व में सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुने गए रोनाल्डो का यह अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल में 132वां गोल था जो विश्व रिकॉर्ड है। रोनाल्डो यूरोपीय चैंपियनशिप के पांच मैच में गोल नहीं कर पाए थे लेकिन पुर्तगाल के कोच रॉबर्ट मार्टिनेज ने इस दिग्गज खिलाड़ी पर भरोसा बनाए रखा और उनका यह फैसला सही साबित हो रहा है। गुरुवार को क्रोएशिया पर 2-1 की जीत में भी रोनाल्डो ने अहम भूमिका निभाई थी। इस मैच में उन्होंने क्लब और देश की तरफ से कुल मिलाकर अपने करियर का 900वां गोल किया था।

## ऋषभ पंत टेस्ट में सर्वकालिक महान खिलाड़ी बनने की राह पर, छोटे प्रारूपों में सुधार की जरूरत : गांगुली

कोलकाता। भारत के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली का मानना है कि ऋषभ पंत टेस्ट क्रिकेट में सर्वकालिक महान खिलाड़ी बनने की राह पर है, लेकिन साथ ही उन्हें छोटे प्रारूपों में अपने प्रदर्शन में सुधार करने की जरूरत है। दिसंबर 2022 में कार दुर्घटना में चोटिल होने के बाद पंत को रविवार को पहली बार भारतीय टेस्ट टीम में शामिल किया गया है और पूरी उम्मीद है कि बांग्लादेश के खिलाफ 19 सितंबर से चेन्नई में शुरू होने वाले पहले टेस्ट मैच के लिए उन्हें अंतिम एकादश में शामिल किया जाएगा।



पंत ने इस साल के शुरू में सीमित ओवरों के प्रारूप में वापसी की थी और इनमें अच्छा प्रदर्शन किया था। गांगुली ने यहां एक प्रचार कार्यक्रम के दौरान कहा, 'मैं ऋषभ पंत को भारत के सर्वश्रेष्ठ टेस्ट बल्लेबाजों में से एक मानता हूं। उनकी टेस्ट क्रिकेट में वापसी से मैं हैरान नहीं हूं। वह भारत के लिए टेस्ट क्रिकेट में खेलते रहेंगे।' उन्होंने कहा, 'अगर वह इसी तरह प्रदर्शन करता रहा तो टेस्ट क्रिकेट के सर्वकालिक महान खिलाड़ियों में शामिल हो जाएगा। मेरा मानना है कि उसे छोटे प्रारूपों में बेहतर प्रदर्शन करने की जरूरत है। वह प्रतिभाशाली है और मुझे यकीन है कि वह जल्द ही ऐसा करने में सफल रहेगा।' मोहम्मद शमी को टखने के ऑपरेशन के कारण टीम में शामिल नहीं किया गया लेकिन गांगुली को विश्वास है कि यह तेज गेंदबाज इस साल के आखिर में होने वाले ऑस्ट्रेलियाई दौरे से पहले पूरी तरह फिट हो जाएगा। उन्होंने कहा, 'मैं जानता हूं कि मोहम्मद शमी चोटिल होने के कारण टीम में शामिल नहीं है लेकिन वह जल्द ही वापसी करेगा क्योंकि भारत को ऑस्ट्रेलिया का दौरा करना है। भारत का आक्रमण अभी बहुत अच्छा है।'

# पेरिस पैरालिम्पिक्स से हम क्या सीख सकते हैं

नयी दिल्ली (एजेंसी)। पैरिस पैरालिम्पिक खेलों में भारत का प्रदर्शन शानदार रहा। 7 गोल्ड के साथ 29 पदकों के साथ भारतीय दल पदक तालिका में 18वें स्थान पर रहा। पैरालिम्पिक्स से हम यह बातें सीख सकते हैं।



**खेलों को अपनाएं :** पैरिस पैरालिम्पिक में 23 खेल विधाएं थीं, लेकिन भारत को अधिकांश सफलता एथलेटिक्स, तीरंदाजी, शूटिंग और बैडमिंटन में मिली। उदाहरण के लिए, तैराकी में 140 पदक दांव पर थे, लेकिन भारत ने सिर्फ एक प्रतिभागी को चुना। स्पष्ट रूप से, सुधार की बहुत गुंजाइश है। भारत को 2028 में लॉस एंजिल्स में कई और पदक जीतने के लिए अन्य खेलों को अपनाने की आवश्यकता है।

**हर किसी की एक कहानी है :** पैरालिम्पिक पदकों के बारे में कम और प्रतिभागियों के बारे में अधिक है। हर पदक या हर एथलीट के पीछे एक कहानी है। धर्मबीर नैन और प्रणव सूरमा ने पुरुषों की क्लब थ्रो स्पर्धा में क्रमशः स्वर्ण और रजत जीता। हालांकि, उनमें विकलांगता का अनुपात इतना अधिक है कि उनके प्रदर्शन की भविष्यवाणी करना असंभव है। ट्रैक और फील्ड दल के कोच सत्यनारायण शिमोगा ने कहा कि उनका अपने मल त्याग पर कोई नियंत्रण नहीं है। वे अक्सर प्रतिस्पर्धा करते समय पेशाब कर देते हैं। यदि वे सही स्थिति में नहीं बैठे हैं, तो वे प्रदर्शन नहीं कर सकते हैं। जब तक आप उनकी कहानी नहीं जानते, उनकी सफलता की सराहना करना असंभव है। दल के चिकित्सा प्रमुख डॉ अमेय कागली ने कहा कि प्राची (यादव) ने गंभीर आंख के संक्रमण के बावजूद अपने स्पर्धा के फाइनल में जगह बनाई। हमें हर छह घंटे में उसकी आंख की पट्टी बांधनी पड़ती थी।

**समर्थन जरूरी है :** पैरालिम्पिक के बारे में मीडिया ने विस्तार से रिपोर्ट दी है। सोशल मीडिया पर लाखों लोग ने इन एथलीटों का समर्थन किया है। लेकिन अब जरूरत है कि इनसे जुड़े रहने की। उम्मीद है कि मीडिया और प्रशंसक खेल खत्म होने के बाद भी इन एथलीटों से जुड़े रहेंगे। पैरा इवेंट्स पर नियमित रिपोर्टिंग से यह सुनिश्चित होगा कि उनकी प्रगति रिकॉर्ड की गई है और उसका दस्तावेजीकरण किया गया है। निरंतर रिपोर्टिंग से जागरूकता बढ़ेगी और संभवतः भविष्य में कॉर्पोरेट समर्थन में वृद्धि होगी।

**तुलना न करें :** ओलिम्पिक और पैरालिम्पिक की तुलना हो रही है। बताया जा रहा कि ओलिम्पिक पर 500 करोड़ खर्च कर सिर्फ 6 पदक मिले, जबकि पैरालिम्पिक पर 20 करोड़ रुपए से ही 29 पदक मिल गए। यह सही तुलना नहीं है। दोनों बहुत अलग टूर्नामेंट हैं और एक की सफलता का इस्तेमाल दूसरे की आलोचना करने के लिए नहीं किया जाना चाहिए। पैरालिम्पिक का अधिक समर्थन करें और पैरा खेलों में अधिक निवेश करें। लेकिन पैरालिम्पिक का उदाहरण देकर ओलिम्पियनों को गाली देना गलत है।

**विजेताओं को याद रखें:** पदक विजेताओं के साथ सबने जश्न मनाया। लेकिन यह भी ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि हम पूरे दल के साथ जश्न मनाएं। क्योंकि जो इस बार असफल रहे हैं वे कल के चैम्पियन हैं और उन्हें नहीं भूलना चाहिए। पुरुषों की ऊंची कूद में स्वर्ण पदक जीतने वाले प्रवीण कुमार विश्व चैम्पियनशिप में पोडियम तक नहीं पहुंच पाए। अगर उन्हें बाहर कर दिया गया होता, तो छठा स्वर्ण नहीं होता। यहां समग्र समझ बेहद जरूरी है।

## श्रेयस अय्यर की फिर हुई उपेक्षा

मुम्बई। मध्य क्रम के बल्लेबाज श्रेयस अय्यर को बांग्लादेश के खिलाफ पहले टेस्ट मैच के लिए भारतीय टीम में जगह नहीं मिली है। दिलीप ट्रॉफी में श्रेयस ने अर्धशतक लगाया था पर इसके बाद भी उन्हें टीम में जगह नहीं मिली। इससे साफ है कि भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) का भरोसा वह हासिल नहीं कर पाये हैं।



इससे पहले उन्हें श्रीलंका के खिलाफ सीमित ओवरों की सिरीज में अवसर मिला था। उन्हें गंभीर के मुख्य कोच बनने के बाद एकदिवसीय में अवसर मिला पर वह अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाये। गंभीर के टीम इंडिया के हेड कोच बनने से श्रेयस की उम्मीदें बढ़ गई थी क्योंकि आईपीएल में कोलकाता नाइटराइडर्स के मेंटर रहे गंभीर के मार्गदर्शन में श्रेयस ने केकेआर की कप्तानी करते हुए खिताब जीता था। दलीप ट्रॉफी में उनके प्रदर्शन को देखते हुए माना जा रहा था कि उनकी टेस्ट टीम में वापसी हो सकती है पर ऐसा नहीं हुआ। अय्यर ने दलीप ट्रॉफी के पहले मैच में पहली पारी में कप्तानी करते हुए केवल 9 रन बनाए थे पर दूसरी पारी में उन्होंने शानदार अर्धशतक लगाया। अय्यर ने पिछले सत्र में घरेलू क्रिकेट खेलने से इंकार कर दिया था जिसके बाद से ही वह बीसीसीआई के निशाने पर आ गये थे। अय्यर ने तब चोटिल होने की बात कही थी पर बोर्ड ने उसे नहीं माना और उन्हें सालाना अनुबंध से भी बाहर कर दिया। ऐसे में साफ है कि उन्हें वापसी के लिए अभी इंतजार करना होगा।

## आकाश दीप को मिल सकता है बांग्लादेश के खिलाफ अवसर

मुम्बई। बांग्लादेश के खिलाफ इसी माह 19 सितंबर से शुरु हो रही टेस्ट सीरीज में इंडिया ए टीम के युवा गेंदबाज आकाशदीप को भारतीय टीम में अवसर मिल सकता है। आकाश दीप ने घरेलू टूर्नामेंट दलीप ट्रॉफी में शानदार गेंदबाजी करते हुए इंडिया बी के बल्लेबाजों को जमकर परेशान किया है। आकाशदीप ने पहली पारी में 4 विकेट लेने के बाद दूसरी पारी में भी 5 विकेट लिए हैं। अवसर मिला जिसमें उन्होंने अच्छी गेंदबाजी करते हुए 3 विकेट लिए। उन्हें टीम में जगह मिलना इसलिए भी तय है क्योंकि अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी अभी तक चोट से नहीं उबरे हैं। इसी कारण शमी बांग्लादेश के खिलाफ 2 मैचों की टेस्ट सीरीज में नहीं खेलेंगे। इसके अलावा भारतीय टीम के जो खिलाड़ी दलीप ट्रॉफी खेल रहे है। उनमें से कई खिलाड़ियों का प्रदर्शन अब तक अच्छा नहीं रहा है। ऐसे में इन खिलाड़ियों को बाहर बैठना पड़ सकता है। वहीं सिराज बिमार होने के कारण दलीप ट्रॉफी के शुरुआती दौर से बाहर हैं हालांकि उनके बांग्लादेश के खिलाफ सीरीज तक ठीक होने की संभावना है। इस साल के बचे हुए महीनों में भारतीय टीम को 10 टेस्ट मैच खेलने हैं।

## इस बार आईपीएल मेगा नीलामी में उतरेंगे स्मिथ

सिडनी। ऑस्ट्रेलिया के अनुभवी बल्लेबाज स्टीव स्मिथ को इस बार इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में अवसर मिलने की उम्मीद है। उनका मानना है कि मेजर लीग क्रिकेट (एमएलसी) में अपने अच्छे प्रदर्शन का लाभ उन्हें मिलेगा। इससे वह टी20 के भी अच्छे खिलाड़ी साबित हुए हैं। इसलिए उन्हें आईपीएल के अगले सत्र में अवसर मिल सकता है, इसलिए वह इस बार मेगा नीलामी में उतरेंगे।



स्मिथ को टी20 विश्व कप के बाद स्कॉटलैंड एवं इंग्लैंड के आगामी दौरे के लिए शामिल नहीं किया गया था। एमएलसी में स्मिथ के शानदार प्रदर्शन से वाशिंगटन फ्रीडम को पहली बार लीग खिताब मिला। स्मिथ ने इस लीग में 49.00 की औसत और 154.74 के स्ट्राइक रेट से 294 रन बनाये। वह अपनी टीम की ओर से सबसे अधिक रन बनाने वाले खिलाड़ी रहे। स्मिथ ने फाइनल में भी सैन फ्रांसिस्को यूनिकॉर्न के खिलाफ 52 गेंदों में तेजी से 88 रन बनाये थे। सैन फ्रांसिस्को यूनिकॉर्न में पैट कमिंस और हारिस रऊफ जैसे तेज गेंदबाज शामिल थे। स्मिथ ने कहा, 'मैं निश्चित रूप से आईपीएल में एक और अवसर चाहूंगा। मैं अपना नाम खिलाड़ियों की नीलामी में शामिल करूंगा। देखते है कि मुझे आगे बढ़ने का कितना अवसर मिलता है। उन्होंने कहा, 'मुझे हाल में टी20 क्रिकेट और फ्रेंचाइजी में जो भी अवसर मिले हैं, मैंने काफी अच्छा खेला है। ऐसे में मैं आईपीएल में अपना नाम शामिल कर इसका आनंद उठाना चाहूंगा। स्मिथ को पिछली दो नीलामी में किसी ने भी नहीं खरीदा था। ऐसे में वह 2021 से आईपीएल का मे नहीं खेल पाये हैं। इस बल्लेबाज का कहना है कि वह इससे निराश नहीं हुए और उनका ध्यान अपने खेल पर रहा है। टी20 टीम में जगह नहीं मिलने पर उन्होंने कहा, 'अंतरराष्ट्रीय टी20 की बात करूं तो मुझे नहीं पता वहां चयनकर्ता के बीच क्या चल रहा है। उनके पास कुछ अच्छे विकल्प है और वे उसे आजमाना चाहते है। मुझे इससे कोई शिकायत नहीं है। स्मिथ ने कहा, 'मैं समझता हू कि वे विश्व कप को ध्यान में रख कर ऐसे खिलाड़ियों को वरीयता ह दे रहे हैं जो सहजता से बड़े शॉट लगा सकें। इसलिए मैं इन बातों से परेशान नहीं हू।

# कप्तानों को जल्दबाजी में बर्खास्त न करें: गिलेस्पी, कर्स्टन ने पीसीबी से कहा

कराची (एजेंसी)। पाकिस्तान के सीमित ओवरों और टेस्ट टीम के मुख्य कोच गैरी कर्स्टन और जेसन गिलेस्पी ने देश के क्रिकेट बोर्ड को सभी प्रारूपों में हालिया खराब प्रदर्शन के बाद जल्दबाजी में कप्तान नहीं बदलने की सलाह दी है। भारत में 2023 में खेले गए एकदिवसीय विश्व कप के राउंड रॉबिन दौर से बाहर होने के बाद बाबर आजम को सीमित ओवरों की कप्तानी से बर्खास्त कर दिया गया था। उनकी जगह लेने वाले शाहीन शाह अफरीदी को एक खराब श्रृंखला के बाद हटा दिया गया था। इसी तरह टेस्ट में बाबर के इस्तीफा देने के बाद, शान मसूद को कप्तान बनाया गया था, लेकिन बांग्लादेश से टेस्ट श्रृंखला में 0-2 से हार के बाद उन्हें तुरंत बाहर करने की मांग उठ रही है।

पीसीबी के एक सूत्र ने हालांकि 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि मसूद और बाबर की बर्खास्तगी के बारे में हालिया मीडिया अटकलें कयास से ज्यादा कुछ नहीं हैं। उन्होंने कहा, ''कप्तानों को बदलने पर कोई चर्चा नहीं हुई है क्योंकि पीसीबी अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने यह फैसला दोनों कोच और चयनकर्ताओं पर छोड़ दिया है।'' सूत्र ने कहा, ''कर्स्टन और गिलेस्पी बहुत स्पष्ट है कि शान और बाबर दोनों को उनकी नेतृत्व क्षमता का आकलन करने से पहले उचित समय दिए जाने की जरूरत है।''

उन्होंने कहा कि दोनों कोच कप्तानी में निरंतरता चाहते हैं और उन्होंने यह बात बोर्ड को साफ तौर पर बता दी है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि जब बोर्ड इस महीने के अंत में लाहौर में 'क्रिकेट कनेक्शन' नामक एक दिन की कार्यशाला आयोजित करेगा तो कप्तानी या टीम चयन पर चर्चा नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा, ''वह कार्यशाला सभी हितधारकों, मुख्य रूप से घरेलू टीम के सभी कोच, चयनकर्ताओं और अनुबंधित खिलाड़ियों के विचारों को सुनने के लिए आयोजित की जा रही है ताकि बोर्ड घरेलू क्रिकेट और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मानकों के बीच अंतर को पाटने पर काम कर सके।''

सूत्र ने यह भी बताया कि इस कार्यशाला में कर्स्टन भी मौजूद रहेंगे जबकि गिलेस्पी इसमें ऑनलाइन तरीके जुड़ेंगे। पीसीबी प्रमुख से कहा था कि सभी प्रारूपों में टीम से दीर्घकालिक परिणाम प्राप्त करने के लिए नीतियों में धैर्य और निरंतरता की आवश्यकता है। उन्होंने कहा, ''कार्यशाला मूल रूप से इसलिए आयोजित की जा रही है क्योंकि दोनों कोच चाहते हैं कि घरेलू टीम के कोच इस बात को अच्छी तरह से समझें कि राष्ट्रीय टीम के लिए खिलाड़ियों को तैयार करने के लिए क्या जरूरी है।'' यह पूछे जाने पर कि इस साल के अंत में ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका में एकदिवसीय श्रृंखला और फिर देश में आयोजित होने वाले चैंपियंस ट्रॉफी के लिए किसे कप्तान नियुक्त किया जाएगा, सूत्र ने कहा कि सफेद गेंद के प्रारूप में निरंतरता को बनाये रखते हुए शायद बाबर को ही जिम्मेदारी दी जाये।



समाचार गेट
TITLE CODE : HARHIN11569
स्वामी (मुद्रक, प्रकाशक) रवीना यादव द्वारा साई प्रिंटिंग प्रेस, डी-85, सेक्टर-6, नोएडा 201301, उत्तर प्रदेश से मुद्रित करवाकर कार्यालय मकान नंबर 2, निचर सेक्टर-61, विलेज मलेरना, बल्लभगढ़ फरीदाबाद, (हरियाणा) से प्रकाशित किया। संपादक: कृष्णा शर्मा। संपादकीय कार्यालय: मकान नंबर 2, निचर सेक्टर-61, विलेज मलेरना, बल्लभगढ़ फरीदाबाद, (हरियाणा) पीआरपी एक्ट के अंतर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र फरीदाबाद न्यायालय होगा। कानूनी सलाहकार: कृष्णदत्त शर्मा, 9818180269, ईमेल : krishna24news@gmail.com



# पिता के नक्शेकदम पर चलीं नवाजुद्दीन की बेटी, लंदन में कर रही हैं शेक्सपियर वर्कशॉप



बॉलीवुड के बेहतरीन अभिनेताओं में गिने जाने वाले नवाजुद्दीन सिद्दीकी अपनी प्रोफेशनल लाइफ के अलावा अपनी निजी जिंदगी को लेकर काफी चर्चा में रहते हैं। नवाज की बेटी भी पिता के नक्शेकदम पर चल रही हैं और अभिनय का प्रशिक्षण ले रही हैं। अब हाल ही में, अभिनेता ने बताया कि वह अपनी बेटी पर अभिनय की ट्रेनिंग के दौरान अच्छी रुचि विकसित करने के लिए पहले से ही दबाव डाल रहे हैं। हाल ही में नवाजुद्दीन ने लोगों के जीवन में कला के महत्व पर चर्चा की और बताया कि यह कैसे इसे अर्जित किया जाता है। उन्होंने लंदन में अपने अभिनय स्कूल में शेक्सपियर वर्कशॉप में भाग लेने के लिए अपनी बेटी की सराहना की है।

नवाजुद्दीन ने कहा, कला कोई नियमित चीज नहीं है, आपको इसके लिए एक टेस्ट के रूप में विकसित करना होगा। मैं अपने बच्चों को कला की सराहना करने और इसके बारे में जानने के लिए प्रेरित करता रहा हूं। मेरी बेटी 14 साल की है और वह पहले से ही लंदन में शेक्सपियर वर्कशॉप कर रही है। बहुत कम उम्र से ही, मैं उन पर यह तय करने के लिए दबाव डालता था कि वे क्या देखना चाहते हैं। नही तो वे खो जाते क्योंकि हर जगह बहुत सारे कंटेंट होते हैं। नवाजुद्दीन ने पहले साझा किया था कि उनकी बेटी का रुझान अभिनय की ओर है। वह उनकी परफॉर्मेंस के वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर करते हैं। इसके बाद अभिनेता ने पढ़ने के महत्व पर चर्चा की और बताया कि कैसे ऑनलाइन डूम स्क्रॉल करने से दिमाग खराब हो रहा है। जब अभिनेता से पूछा गया कि वह अपने बच्चों को साहित्य और कविता पढ़ने के लिए कैसे तैयार करते हैं। इस पर अभिनेता ने कहा, मंटो, प्रेमचंद, भरत मुनि का नाट्यशास्त्र पढ़ें। हमारे देश में महान लेखक हैं। अभिनेता ने इस बात पर जोर दिया कि बच्चों के पालन-पोषण के तरीके में बदलाव की जरूरत है।





# इन कलाकारों ने बनाई फिल्मों से दूरी, विजय दलपति भी लेने वाले हैं अभिनय से संन्यास

हाल में ही साउथ के बड़े सुपरस्टार और गोट फिल्म अभिनेता विजय दलपति ने भी घोषणा की है कि वह फिल्मी दुनिया को अलविदा कहने वाले हैं। आज इस क्रम में हम बात करेंगे, उन कलाकारों की, जो फिल्मी दुनिया से लगभग गायब हो चुके हैं। भारत में हर साल हजार से भी ज्यादा फिल्में बनती हैं। देश के अलग-अलग कोने में हर शुक्रवार फिल्मों की किस्मत तय होती है। कुछ फिल्में बॉक्स ऑफिस पर बड़ी सफलता हासिल करती हैं, तो कुछ इतिहास से ऐसे गायब हो जाती हैं,जैसे गधे के सर से सींग। इस क्रम में कुछ ऐसे कलाकार भी शामिल हैं, जो फिल्मों की दुनिया में एक वक्त काफी सक्रिय होने के बावजूद फिल्मी दुनिया से गायब हो जाते हैं। इस दौरान कुछ कलाकार अपनी मर्जी से फिल्मी दुनिया से दूरी बना लेते हैं, तो कुछ फिल्मों की असफलता की वजह से गुमनामी में खो जाते हैं। हाल में ही साउथ के बड़े सुपरस्टार और गोट फिल्म अभिनेता विजय दलपति ने भी घोषणा की है कि वह फिल्मी दुनिया को अलविदा कहने वाले हैं। आज इस क्रम में हम बात करेंगे, उन कलाकारों की, जो फिल्मी दुनिया से लगभग गायब हो चुके हैं।

## ट्विंकल खन्ना

ट्विंकल खन्ना अपने बयानों से लगातार चर्चा में बनी रहती हैं। मशहूर अभिनेता अक्षय कुमार की पत्नी ट्विंकल सोशल मीडिया पर काफी ज्यादा मशहूर हैं। ट्विंकल ने अपने अभिनय करियर की शुरुआत साल 1995 में रिलीज हुई फिल्म बरसात से की थी। इस फिल्म में वह मशहूर अभिनेता बॉबी देओल के साथ नजर आई थीं। इसके बाद उन्होंने बादशाह, जान, जुल्मी, जोरू का गुलाम आदि कई फिल्मों में नजर आईं। हालांकि, फिल्मों में अपेक्षाकृत सफलता न मिलने पर उन्होंने फिल्मों से संन्यास ले लिया और इंटीरियर डिजाइनिंग में काफी नाम कमाया। वह एक मशहूर इंटीरियर डिजाइनर हैं।

## आयशा टाकिया

आयशा टाकिया एक समय पर काफी चर्चित अभिनेत्री रही हैं। उन्होंने बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान के साथ फिल्म वांटेड में भी काम किया है। उन्होंने सलाम ए इश्क, संडे, डोर, टारजन द वंडर कार आदि कई फिल्मों में काम किया है। हालांकि, इन दिनों अभिनेत्री फिल्मी पर्दे से काफी दूर हैं। वह सोशल मीडिया पर काफी सक्रिय रहती हैं, लेकिन लंबे वक्त से वह फिल्मी पर्दे पर नजर नहीं आई हैं। उन्होंने शादी के बाद फिल्मी दुनिया से दूरी बना ली थी।



## साहिल खान

साहिल खान इस वक्त सोशल मीडिया पर काफी ज्यादा मशहूर हैं। वह एक फिटनेस आइकन हैं, जिन्हें लोग काफी पसंद करते हैं। इंस्टाग्राम पर लाखों फैंस उन्हें फॉलो करते हैं। साहिल अक्सर अपनी आलीशान जिंदगी की तस्वीरें सोशल मीडिया पर साझा भी करते हैं। साहिल लंबे समय से फिल्मी पर्दे से दूर हैं, लेकिन एक वक्त वह कई फिल्मों में नजर आए थे। उन्होंने साल 2001 में रिलीज हुई फिल्म स्टाइल और साल 2003 की एक्सक्यूज मी आदि कुछ फिल्मों में काम किया है।

## रजत बेदी

रजत बेदी एक समय पर काफी व्यस्त कलाकार थे। उन्होंने चालीस से भी ज्यादा फिल्मों में काम किया है। उन्हें साल 2003 में रिलीज हुई फिल्म कोई मिल गया के राज सक्सेना के रूप में काफी पहचान मिली थी। रजत ने इंटरनेशनल खिलाड़ी, इंडियन, ये दिल आशिकाना आदि कई फिल्मों में अपने अभिनय का जलवा बिखेरा है। हालांकि, वह काफी लंबे समय से फिल्मी पर्दे से दूर हैं। इन दिनों वह बतौर बिजनेस मैन काफी सक्रिय हैं और मुंबई में अपना व्यापार चलाते हैं।

# करियर की शुरूआत में परिणीति चोपड़ा से इनसिक्योर थीं आलिया भट्ट



आलिया भट्ट जल्द ही जिगरा फिल्म में नजर आने वाली हैं, इसका निर्देशन वसन बाला ने किया है फिल्म के पोस्टर जारी हो चुके हैं, जिसे देखकर आलिया के प्रशंसक फिल्म देखने के लिए काफी उत्सुक हो उठे हैं आलिया भट्ट ने स्टूडेंट ऑफ द ईयर फिल्म से अपना डेब्यू किया थी। फिल्म के रिलीज होने के बाद आलिया, करण जौहर के मशहूर चैट शो कॉफी विद करण में पहुंची थीं, जहां उन्होंने बताया था कि वो किस अभिनेत्री से इनसिक्योर महसूस करती हैं। आलिया ने कहा था कि वो परिणीति चोपड़ा से इनसिक्योर महसूस करती हैं, उन्होंने इच्छा जताई थी कि काश वो भी उनकी तरह अच्छी होती, आलिया ने परिणीति की भाषा पर पकड़ की तारीफ भी की थी मालूम हो कि जिगरा के बाद आलिया भट्ट यशराज के स्पाई यूनिवर्स की फिल्म एल्फा में भी मुख्य भूमिका में दिखाई देंगी।

# क्या 69 की उम्र में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की पढ़ाई करेंगे कमल हासन?

अभिनेता कमल हासन को सिनेमा में नई-नई चीजें करने के लिए जाना जाता है। नई चीज करने के लिए नया सीखना भी पड़ता है और ऐसे में कमल हासन कभी पीछे नहीं रहते। अब खबर आ रही है कि वो आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का कोर्स करने वाले हैं। इसके लिए वो अमेरिका चले गए हैं।

## तीन महीने तक चलेगा कोर्स



डेक्कन हेराल्ड की एक रिपोर्ट में बताया गया है कि कमल हासन पिछले हफ्ते अमेरिका गए थे। उनका आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का कोर्स 90 दिनों तक चलेगा। कोर्स तो तीन महीने तक चलेगा, लेकिन रिपोर्ट में कहा गया है कि कमल हासन 45 दिनों तक ही पढ़ाई करेंगे। बता दें कि कमल हासन की उम्र 69 साल है। इस साल वो कल्कि 2898 एडी और इंडियन 2 में नजर आ चुके हैं। कल्कि 2898 एडी ने तो वर्ल्डवाइड 1,000 करोड़ रुपये से ज्यादा का कारोबार किया, लेकिन इंडियन 2 148.83 करोड़ ही कमा पाई। इसकी घरेलू बॉक्स ऑफिस पर कमाई 81.32 करोड़ रुपये की हुई। आने वाले दिनों में उन्हें ठग लाइफ, इंडियन 3, विक्रम 2 और केएच 233 में देखा जाएगा। कमल हासन के आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की पढ़ाई करने को लेकर कहा जा रहा है कि शायद वो अपने किसी नए प्रोजेक्ट में इसका इस्तेमाल कर सकते हैं। कमल हासन फिल्म इंडस्ट्री के तमाम कलाकारों से अपनी अलग पहचान रखते हैं। कमल हासन ने पिछले साल डेक्कन हेराल्ड को दिए साक्षात्कार में कहा था कि उनकी कमाई अलग-अलग माध्यमों से फिल्मों में ही वापस चली जाती है। उन्होंने कहा था कि अक्सर उनकी फिल्मों में नई तकनीक का इस्तेमाल देखा जा सकता है।



# थिएटर से की शुरुआत, छोटे रोल में भी रहीं फिट और अब ओटीटी क्वीन के नाम से मशहूर हैं राधिका

कृति, मिस्ट्री ड्रामा फिल्म फोरेंसिक, हॉरर थ्रिलर वेब सीरीज घूल, क्राइम ड्रामा सीरीज सेक्रेड गेम्स और मोनिका ओ माय डार्लिंग जैसी तमाम शॉर्ट फिल्म और वेब सीरीज कर चुकी राधिका आप्टे ओटीटी क्वीन के नाम से मशहूर हैं। चाहे बात डैशिंग लुक की हो या एक सामान्य महिला के किरदार की, या स्क्रिप्ट की जरूरत के हिसाब से बोल्ड सीन देने की, हर रोल में राधिका खुद को बखूबी फिट कर लेती हैं। राधिका आप्टे भारतीय फिल्म इंडस्ट्री की सबसे प्रतिभाशाली अभिनेत्री में से एक हैं। उन्हें उनके स्वैग और स्टाइल के लिए भी जाना जाता है। फिल्में, वेब सीरीज और शॉर्ट मूवीज में सराहनीय काम कर चुकी इस अदाकारा का आज 39वां जन्मदिन है। एक समय था, जब राधिका आर्थिक तंगी के कारण बहुत परेशान थीं और मामूली खर्चे भी उठाना इनके लिए एक बड़ी चुनौती थी। लेकिन अपने हुनर के दम पर अब वह करोड़ों की मालकिन हैं और एक लैविश लाइफ जीती हैं।

राधिका ने थिएटर से लेकर बॉलीवुड तक का सफर तय किया है। उन्होंने फिल्म वाह लाइफ हो तो ऐसी से बॉलीवुड डेब्यू किया था। वह सेक्रेड गेम्स, लस्ट स्टोरीज जैसी वेब सीरीज में एक अलग अंदाज में नजर आ चुकी हैं। उन्होंने पैडमैन और अंधाधुंध जैसी बेहतरीन फिल्मों में भी अपनी एक्टिंग का लोहा मनवाया है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर राधिका आप्टे के लाखों फैन्स हैं, जो उनकी तस्वीरों पर दिल खोलकर लाइक और कमेंट्स करते हैं। राधिका का बोल्ड अंदाज भी किसी से छुपा नहीं है। वह अक्सर ग्लैमरस तस्वीरें फैंस के साथ शेयर करती रहती हैं। उनकी दिलकश अदाओं से भरी तस्वीरें फैंस को खूब पसंद आती हैं।



# टाइम 100 एआई सूची में शामिल होने वाले एकमात्र भारतीय अभिनेता बने अनिल कपूर

अनिल कपूर टाइम मैगजीन की दूसरी वार्षिक टाइम 100 एआई सूची में जगह पाने वाले एकमात्र भारतीय अभिनेता हैं। मशहूर अभिनेता ने ग्लोबल स्तर के बिजनेसमैन, तकनीकी प्रमुखों, वैज्ञानिकों और अभिनेताओं के बीच अपनी जगह बनाई है। जानकारी हो कि यह सूची उन प्रभावशाली हस्तियों का जश्न मनाती है जिन्होंने एआई के विकास में योगदान दिया है। टाइम 100 एआई सूची में अन्य उल्लेखनीय भारतीयों में केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव और इंफोसिस के को-फाउंडर और एकस्टेप के अध्यक्ष नंदन नीलेकणि शामिल हैं। सूची में अनिल के शामिल होने से कई लोग आश्चर्यचकित हैं जो सोच रहे हैं कि 67 वर्षीय अभिनेता को इसमें जगह क्यों मिली है। आइए इसके पीछे की वजह जान लेते हैं। जानकारी हो कि साल 2023 में अनिल कपूर तब सुर्खियों में आए जब दिल्ली हाईकोर्ट ने एक अंतरिम आदेश जारी कर कई वेबसाइटों और प्लेटफार्मों सहित 16 संस्थाओं को उनकी अनुमति के बिना व्यावसायिक लाभ के लिए उनके नाम, आवाज, छवि या अन्य व्यक्तिगत विशेषताओं का दुरुपयोग करने से रोक दिया। अनिल के मॉर्फ्ड वीडियो और मशहूर डायलॉग झक्कास के बड़े पैमाने पर प्रसारित होने के बाद अदालत ने हस्तक्षेप किया। अभिनेता ने पहली बार इस शब्द का इस्तेमाल अपनी 1985 की फिल्म युद्ध में किया था। इस सूची में अनिल के साथ हॉलीवुड स्टार स्कारलेट जोहानसन भी शामिल हो गई हैं। सितंबर 2023 में, उन्होंने एक बयान जारी कर दावा किया था कि ओपनएआई के सीईओ सैम ऑल्टमैन ने उन्हें सिस्टम में अपनी आवाज देने के लिए शामिल करने की कोशिश की थी। उनके अनुसार, यह उन लोगों के लिए आरामदायक होगा जो तकनीक से परिचित नहीं हैं। 39 वर्षीय ने इस प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया था। काम के मोर्चे पर, अनिल कपूर को आखिरी बार साल 2023 की फिल्म एनिमल में देखा गया था। संदीप रेड्डी वांगा के निर्देशन में बनी इस फिल्म में रणबीर कपूर मुख्य भूमिका में थे और उन्होंने अनिल के बेटे की भूमिका निभाई थी। रिवेंज ड्रामा में रश्मिका मंदाना, बॉबी देओल, तृप्ति डिमरी और कई अन्य सितारों ने भी अभिनय किया।

# बॉलीवुड के बिग बी ने कहा, काम का हर दिन मेरे लिए नई सीख है



बॉलीवुड के मेगास्टार अमिताभ बच्चन ऊर्फ बिग बी का कहना है कि उनके लिए हर दिन कुछ न कुछ सीखने वाला होता है। उनके जीवन का हर एक दिन एक ऐसे नए पहलू से उन्हें रूबरू कराता है, जो जीवन और जीने की वास्तविकता को एक नया रंग देता है। बिग बी ने अपने ब्लॉग पर लिखा, काम का प्रत्येक दिन मेरे लिए सीख है... सिर्फ काम ही नहीं, बल्कि एक और दिन ऐसे तत्वों से भरा है जो हमें जीवन और जीने की वास्तविकता के करीब लाता है। उन्होंने आगे बताया, प्रत्येक दिन हम जीवन को देखते हैं और जानते हैं और कभी-कभी हमारी आंखों में आश्चर्य होता है... देखें कि आप कहां हैं, और आपके भीतर क्या है। किसी नुकसान पर विलाप करने का कोई मतलब नहीं है। इसे स्वीकार करें और अपने और अपने ऊपर निर्भर लोगों के लिए बेहतर जीवन जीने के लिए मेहनत करें। आपकी ताकत आपके भीतर है और केवल आप ही अपनी जरूरत के हिसाब से इसका उपयोग कर सकते हैं। अमिताभ बच्चन फिलहाल रियलिटी शो कौन बनेगा करोड़पति 16 को होस्ट कर रहे हैं। शो में उन्हें पदक विजेता मनु भाकर से शूटिंग के रहस्य सीखते हुए भी देखा गया। एक एपिसोड में बिग बी ने ओलंपिक पदक विजेता मनु और अमन सहरावत का तालियों की गड़गड़ाहट के साथ स्वागत किया और उनकी ऐतिहासिक जीत पर उन्हें बधाई दी।